• जयपुर, शनिवार 19 सितंबर 26 • वर्ष 15 • अंक 320 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित



विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

51 हजार से अधिक युवाओं को मिलेंगे नियुक्ति पत्र

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 20वें रोजगार मेले में युवाओं से होंगे रूबरू

## 125 नव नियुक्त अभ्यर्थी होंगे शामिल, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू प्रदान करेंगे नियुक्ति पत्र

**रायपुर/एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 सितंबर को दोपहर 12:30 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 20वें रोजगार मेले से जुड़ेंगे। इस अवसर पर वे देशभर के विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नव नियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे तथा चयनित अभ्यर्थियों को संबोधित करेंगे। रायपुर में 20वें रोजगार मेले का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार, विज्ञान महाविद्यालय परिसर, जी.ई. रोड में किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।



रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से 125 अभ्यर्थी प्रत्यक्ष रूप से शामिल होंगे। इनमें आयकर विभाग, डाक विभाग, रेलवे, भारतीय सर्वेक्षण विभाग, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, गृह मंत्रालय, इंडियन ओवरसीज बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ महाराष्ट्र तथा एम्स रायपुर से संबंधित नव नियुक्त अभ्यर्थी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त इन्हीं विभागों से करीब 90 अन्य अभ्यर्थी भी कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि तोखन साहू मंच से लगभग 25 नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इसके बाद अन्य अभ्यर्थियों को संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। मुख्य आयकर आयुक्त, रायपुर संजीव, भारतीय राजस्व सेवा ने तोखन साहू को कार्यक्रम में आमंत्रित किया है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम् के गायन से होगी। इसके बाद स्वागत संबोधन तथा मुख्य अतिथि का संबोधन होगा।

दोपहर 12:30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ेंगे। रोजगार मेले पर आधारित लघु फिल्म के प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री रिमोट बटन के माध्यम से रोजगार मेले का शुभारंभ करेंगे और नव नियुक्त युवाओं को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के ऑनलाइन कार्यक्रम के बाद तोखन साहू चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे।

20वें रोजगार मेले का आयोजन देशभर में 45 स्थानों पर किया जा रहा है। इसके माध्यम से राजस्व विभाग, रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, रक्षा मंत्रालय सहित भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नव नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

20वें रोजगार मेले के साथ विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में लगभग 12.75 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा चुके होंगे। रोजगार मेला युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ उन्हें सरकारी सेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का अवसर प्रदान करता है।

यह पहल युवाओं की सरकारी सेवाओं में भागीदारी बढ़ाने और उन्हें देश की विकास यात्रा से जोड़ने के लिए सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

न्यूज़ अपडेट

## पश्चिम बंगाल में एसआईआर से जुड़ी 37 लाख से अधिक अपील लंबित

● **निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी, 38.20 लाख अपील में अब तक 1.02 लाख का ही निपटारा**

**नई दिल्ली/एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े मामलों में 37 लाख से अधिक अपील अभी भी लंबित हैं। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को दिए लिखित जवाब में बताया कि मतदाता सूची में नाम शामिल करने या हटाए जाने को चुनौती देने वाली कुल 38 लाख 20 हजार 683 अपील दाखिल की गई थीं। इनमें से अब तक केवल 1 लाख 2 हजार 231 अपील का निपटारा हो सका है, जबकि 37 लाख 18 हजार 452 अपील अभी लंबित हैं।

निर्वाचन आयोग का यह जवाब ऐसे समय आया है जब सुप्रीम कोर्ट पश्चिम बंगाल में एसआईआर के दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। अदालत ने आयोग से लंबित अपीलों की स्थिति, उनके निपटारे की प्रक्रिया और मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए आवश्यक अतिरिक्त न्यायाधिकरणों के बारे में जानकारी मांगी थी।

आयोग के जवाब में कुल अपीलों और उनके निपटारे का आंकड़ा दिया गया है, लेकिन इनमें से कितनी अपीलें हटाए गए मतदाताओं ने दाखिल की हैं और कितनी मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने के खिलाफ हैं, इसका अलग-अलग ब्योरा उपलब्ध नहीं कराया गया। इस पहलू पर भी सुप्रीम कोर्ट ने आयोग से जानकारी मांगी थी।

मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता पक्ष ने मतदाता सूची से नाम हटाए जाने और उसके बाद दाखिल अपीलों के आंकड़ों को विधानसभा क्षेत्रवार उपलब्ध कराने की मांग की थी। अगस्त में अदालत ने आयोग से नाम जोड़ने और नाम हटाने से संबंधित अपीलों के दाखिल होने तथा उनके निपटारे का विस्तृत आंकड़ा प्रस्तुत करने को कहा था।

## दिल्ली मेट्रो ने बनाया नया कीर्तिमान: बस हड़ताल के चलते 17 सितंबर को मेट्रो में पहुंचे 82.44 लाख से अधिक यात्री

**नई दिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर की जीवनरेखा कही जाने वाली दिल्ली मेट्रो ने यात्रियों की आवाजाही के मामले में नया ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के अनुसार, 17 सितंबर को मेट्रो नेटवर्क पर अब तक की सर्वाधिक दैनिक यात्री बोर्डिंग दर्ज की गई। इस दिन कुल 82 लाख 44 हजार 903 यात्रियों ने मेट्रो से सफर किया। इस नए आंकड़े के साथ दिल्ली मेट्रो ने सार्वजनिक परिवहन के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

डीएमआरसी के अनुसार, इससे पहले सर्वाधिक दैनिक यात्री बोर्डिंग का रिकॉर्ड 8 अगस्त 2025 को दर्ज किया गया था। उस दिन 81 लाख 88 हजार 115 यात्रियों ने मेट्रो सेवा का उपयोग किया था। 17 सितंबर 2026 को मेट्रो ने इस पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नया कीर्तिमान कायम किया। मेट्रो में यात्रियों की संख्या में इस अभूतपूर्व वृद्धि की प्रमुख वजह दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बसों की चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल रही। बसों के संचालन में व्यवधान के कारण राजधानी में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया और बड़ी संख्या में यात्रियों ने आवागमन के लिए मेट्रो का रुख किया। सड़कों पर बढ़ते यातायात दबाव और जाम से बचने के लिए भी लोगों ने मेट्रो को प्राथमिकता दी। यात्रियों की अचानक बढ़ी संख्या को देखते हुए डीएमआरसी ने 17 सितंबर को सामान्य दिनों की तुलना में 32 अतिरिक्त फेरे संचालित किए।

## हाईवे पर छोड़े आवारा पशु तो नपेंगे मालिक, सरकार ने जारी किया सख्त फरमान

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

देश भर के राष्ट्रीय राजमार्गों और तेज रफ्तार एक्सप्रेसवे पर फर्राटा भरने वाले वाहन चालकों को अब अचानक सामने आने वाले आवारा पशुओं के खतरे से मुक्ति मिलने जा रही है। हाईवे पर बेसहारा मवेशियों के कारण आए दिन होने वाले जानलेवा सड़क हादसों पर लगाम कसने के लिए केंद्र सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। केंद्रीय सड×क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इस संबंध में एक विस्तृत 'स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर' जारी किया है। नए नियमों के तहत यदि किसी ने अपने पशुओं को हाईवे या एक्सप्रेसवे पर लावारिस छोड़ा, तो मालिक की पहचान कर उस पर भारी-भरकम जुर्माना ठोका जाएगा।



● **सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद एक्शन में मंत्रालय**

सड×क परिवहन मंत्रालय का यह सख्त कदम सुप्रीम कोर्ट के उस निर्देश के बाद सामने आया है, जिसमें हाईवे से आवारा पशुओं को हटाने के लिए एक ठोस और स्थायी तंत्र विकसित करने का आदेश दिया गया था। शीर्ष अदालत ने सड×कों पर पशुओं की वजह से होने वाली भीषण दुर्घटनाओं पर स्वतः संज्ञान लिया था। अदालत के कड़े रुख के बाद केंद्र सरकार ने तत्काल प्रभाव से यह एसओपी जारी की है, जिसका प्राथमिक मकसद तेज रफ्तार वाली सड×कों को पूरी तरह सुरक्षित और दुर्घटनामुक्त बनाना है।

● **एनएचएआई और राज्य एजेंसियां संभालेंगी मोर्चा**

नए दिशा-निर्देशों के मुताबिक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण , एनएचआईडीसीएल और राज्यों के लोक निर्माण विभाग में नोडल एजेंसियां गठित की जाएंगी। ये टीमें सबसे पहले हाईवे के उन डेंजर ज़ोन और ब्लैक स्पॉट्स की पहचान करेंगी, जहां मवेशियों के कारण सबसे ज्यादा हादसे दर्ज किए जाते हैं। इसके बाद इन जानवरों को बेहद सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर स्थानीय प्रशासन द्वारा संचालित एनिमल शेल्टर होम में भेजा जाएगा। जानवरों को पकड़ने और शेल्टर तक ले जाने का पूरा वित्तीय खर्च संबंधित हाईवे एजेंसियां खुद वहन करेंगी।

● **जुर्माना न भरने पर पशुओं की होगी नीलामी**

सरकार की इस नई व्यवस्था का मुख्य केंद्र पशुपालकों की सीधी जवाबदेही तय करना है। राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों को शेल्टर होम में आने वाले सभी जानवरों का पूरा रिकॉर्ड रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही इन पशुओं के मालिकों को ट्रैक करने के लिए विशेष अभियान चलेगा। 'पशु अतिचार अधिनियम, 1871' की धारा 25 के तहत अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने के अधिकार दिए गए हैं। इसके तहत न केवल पशु मालिकों पर तगड़ा आर्थिक दंड लगाया जाएगा, बल्कि जुर्माना न चुकाने की सूरत में जब्त किए गए पशुओं को नीलाम कर वसूली की जाएगी।

## कूनो में चीता कुनबे का विस्तार, भारत में जन्मी मादा चीता ने दिए चार शावकों को जन्म

● **प्रोजेक्ट चीता के चार साल पूरे होने के बीच आई खुशखबरी, देश में चीतों की संख्या बढ़कर 56 हुई**

**श्योपुर/एजेंसी।** मध्य प्रदेश के श्योपुर स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान से चीता संरक्षण अभियान के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। भारत में जन्मी मादा चीता केजीपी-12 ने चार नए शावकों को जन्म दिया है। यह उपलब्धि ऐसे समय सामने आई है, जब देश में चीता पुनर्वास परियोजना के चार वर्ष पूरे हुए हैं। नए शावकों के जन्म के साथ ही देश में चीतों की संख्या बढ×कर 56 हो गई है। इससे कूनो में चीता कुनबे के और विस्तार की उम्मीद मजबूत हुई है।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस संबंध में सामाजिक माध्यम 'एक्स' पर जानकारी साझा की। उन्होंने कूनो राष्ट्रीय उद्यान और चीता पुनर्वास परियोजना से जुड़ी पूरी टीम को बधाई देते हुए इसे ऐतिहासिक और खुशी का अवसर बताया। उन्होंने कहा कि परियोजना के चार वर्ष पूरे होने के एक दिन बाद भारत में जन्मी मादा चीता केजीपी-12 ने कूनो में चार शावकों को जन्म दिया है।

## जबरन पाबंदी, शराब की लत का इलाज नहीं

### शराबबंदी पर सुप्रीम कोर्ट ने सरकारों को दी सख्त चेतावनी

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

जहरीली शराब की त्रासदियों पर अंकुश लगाने के लिए महाराष्ट्र में मेथनॉल की बिक्री से पहले उसमें विशेष रंग और कड़वा पदार्थ मिलाने की अनिवार्यता को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को समाप्त कर दिया। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने महाराष्ट्र विष नियम, 1972 के नियम 18ए और 18बी को रद्द करते हुए कहा कि इन प्रावधानों का संबंधित उद्देश्य से तार्किक और सीधा संबंध स्थापित नहीं हो सका तथा ये संविधान के अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 19(1)(जी) के तहत प्रदत्त अधिकारों की कसौटी पर खरे नहीं उतरते।

न्यायालय ने कहा कि मेथनॉल में कड़वाहट और रंग पैदा करने वाले पदार्थ मिलाने से शराब की लत को समाप्त नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा कि मेथनॉल की अवैध उपलब्धता रोकने के लिए परिवहन और भंडारण पर आबकारी कानूनों के तहत अधिक प्रभावी नियामक



उपाय किए जाने चाहिए। न्यायालय ने यह भी कहा कि मौजूदा व्यवस्था से वैध रासायनिक उद्योगों पर गंभीर असर पड़ सकता है। फैसले में पीठ ने प्रसिद्ध लेखक मार्क ट्वेन के एक कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि अनुभव बताता है कि जबरन शराबबंदी या संयम शराब के सेवन को समाप्त करने के बजाय उसे बंद दरवाजों और अंधेरे स्थानों में धकेल सकता है। पीठ ने कहा कि शराब की लत से जूझ रहे व्यक्ति को केवल स्वाद या रंग के जरिये शराब से रोकना प्रभावी समाधान नहीं है। न्यायालय ने गुजरात का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां लंबे समय से सख्त शराबबंदी नीति लागू होने के बावजूद कई बड़ी जहरीली शराब त्रासदियां हुई हैं।

टीएमसी का नाम-सिंबल फ्रीज होने पर भड़के राहुल गांधी, बोले-

## वोट चोरी, सरकार चोरी और अब पार्टी चोरी, ये लोकतांत्रिक पतन के प्रतीक

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

तृणमूल कांग्रेस में मचे सियासी घमासान के बीच चुनाव आयोग द्वारा पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न को फ्रीज किए जाने पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तीखा हमला बोला है। कांग्रेस सांसद ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाते हुए इसे लोकतांत्रिक पतन का सबसे बड़ा प्रतीक करार दिया। उन्होंने कहा कि पहले शिवसेना और एनसीपी के साथ यही खेल हुआ और अब तृणमूल कांग्रेस को निशाना बनाया गया है।




● **चुनाव आयोग ने दोनों गुटों के लिए फ्रीज किया सिंबल**

दरअसल, भारत निर्वाचन आयोग ने बड़ा फैसला सुनाते हुए तृणमूल कांग्रेस के दोनों प्रतिद्वंद्वी गुटों के लिए पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न अंतरिम तौर पर फ्रीज कर दिया है। आयोग के इस आदेश के बाद अंतिम फैसला आने तक न तो ममता बनर्जी के नेतृत्व वाला धड़ा और न ही ऋतब्रत बनर्जी का बागी गुट किसी भी चुनाव में टीएमसी के नाम या उसके सिंबल का उपयोग कर सकेगा।

● **बंगाल चुनाव के बाद टीएमसी में फूटी थी बगावत**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद से ही तृणमूल कांग्रेस के भीतर कलह खुलकर सामने आने लगी थी। विवाद की शुरुआत विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के चयन को लेकर हुई, जो धीरे-धीरे खुली बगावत में तब्दील हो गई। पार्टी के कुल 80 विधायकों में से करीब 58 विधायक बागी होकर ऋतब्रत बनर्जी के गुट में शामिल हो गए। चूंकि यह संख्या दलबदल विरोधी कानून के तहत अनिवार्य दो-तिहाई आंकड़े से अधिक थी, इसलिए बागी गुट ने खुद को असली टीएमसी बताते हुए नाम और निशान पर दावा ठोक दिया। दोनों पक्षों की कानूनी खींचतान के बीच चुनाव आयोग ने फिलहाल पार्टी के नाम और सिंबल के इस्तेमाल पर पूर्ण विराम लगा दिया है।

## संपादकीय

# पुनर्विचार करने का वक्त

दुनिया में बदले समीकरणों के बीच एससीओ में प्रभावी देशों के साथ भारत के रुख की दूरी बढ़ती नजर आई है। इसकी संभवतः सबसे प्रमुख मिसाल चीन की महत्त्वाकांक्षी योजना– बीआरआई है।

शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक में कही गई बातों और बिशकेक घोषणापत्र पर गौर करें, तो अहसास होता है कि इस मंच पर भारत की उपस्थिति लगातार असहज होती जा रही है। अब अगले शिखर सम्मेलन की मेजबानी पाकिस्तान को मिली है। दोनों देशों के संबंध के मौजूदा हाल को देखते हुए सवाल उठता है कि क्या वहां होने वाली एससीओ की अनेक बैठकों में भाग लेने भारतीय प्रतिनिधि जाएंगे? वैसे भी दुनिया में बदले समीकरणों के बीच इस मंच में प्रभावी देशों के साथ भारत के रुख की दूरी बढ़ती नजर आती है। इसकी संभवतः सबसे बड़ी मिसाल चीन की महत्त्वाकांक्षी योजना– बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) है। किर्गिजिस्तान की राजधानी में हुए शिखर सम्मेलन के बाद जारी साझा घोषणापत्र में भारत को फिर उस अनुच्छेद से खुद को अलग रखना पड़ा, जिसमें बीआरआई का समर्थन किया गया है।

आठ सदस्य देशों– बेलारूस, ईरान, कजाखस्तान, किर्गिजिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान– ने बीआरआई के प्रति फिर अपना समर्थन जताया। साथ ही इसे यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन (ईएईयू) के साथ जोडने की बात भी कही गई। ईएईयू में प्रमुख भूमिका रूस की है। स्पष्टतः बीआरआई एससीओ के आर्थिक और आपसी जुड़ाव (कनेक्टिविटी) एजेंडे का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिखर सम्मेलन में कहा कि कनेक्टिविटी बढ़ाते समय देशों की प्रादेशिक संप्रभुता का ख्याल रखा जाना चाहिए। बीआरआई के तहत निर्मित 'चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारा' पाकिस्तानी कब्जे वाले जम्मू–कश्मीर से गुजरता है। इसके अलावा एससीओ में ईरान पर अमेरिका– इजराइल के हमले तथा फिलस्तीन के गज़ा में इजराइल की रविनाशकारीर कार्रवाई भी ऐसे मुद्दे हैं, जहां भारत का रुख एससीओ के बाकी देशों से अलग रहा है। यह अलगाव बिशकेक में भी जाहिर होता रहा। यह साफ है कि चीन, रूस, और ईरान की वैश्विक रणनीति में फिलहाल सामंजस्य बन गया है। बाकी सदस्यों को इस रणनीति पर कोई एतराज नहीं है, हालांकि उनमें से कुछ ने अमेरिकी खेमे के साथ भी अपने दांव जोड़ रखे हैं। स्पष्टतः भारत के लिए यह पुनर्विचार करने का वक्त है कि एससीओ से उसकी क्या अपेक्षाएं हैं और क्या वे पूरी हो रही हैं?

## सेवा-संकल्प-अभियानः प्रदेश के 20,298 गांवों के खसरा और 19,723 गांवों के भू-नक्शों का कंप्यूटरीकृत

● विष्णु प्रसाद वर्मा

छत्तीसगढ़ सरकार ने श्सेवा के संकल्पश के तहत राजस्व प्रशासन को पूरी तरह डिजिटल बनाकर राज्य के भू-स्वामियों को भूमि संबंधी जटिल प्रक्रियाओं और सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से मुक्ति दिलाई है। भुईयां और भू-नक्शा पहल के जरिए प्रदेश के 20,298 गांवों के खसरा और 19,723 गांवों के भू-नक्शों का कंप्यूटरीकरण पूरा हो चुका है, जिससे अब शुद्ध और प्रामाणिक अभिलेख तुरंत उपलब्ध हो रहे हैं। इसके साथ ही 158 तहसीलों में मॉडर्न रिकॉर्ड रूम बन जाने से कागजातों के गुम होने या खराब होने का डर हमेशा के लिए समाप्त हो गया है।

प्रशासनिक सुधारों की इसी कड़ी में 105 उप-पंजीयक कार्यालयों को भुईयां पोर्टल से जोड×कर 'ऑटो नामांतरण' प्रणाली लागू की गई है, जिससे जमीन की रजिस्ट्री होते ही क्रेता के नाम नामांतरण की प्रक्रिया स्वतः प्रारंभ हो जाती है। भूमि विवादों के तुरंत समाधान के लिए 'ई-कोर्ट' व्यवस्था शुरू की गई है, जहाँ नागरिक घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और केस से जुड़ी हर जानकारी तथा पेशी की तारीख सीधे मोबाइल पर एसएमएस से प्राप्त कर सकते हैं।

इसके अलावा, भूमि उपयोग परिवर्तन को ऑटो व्यपवर्तन के माध्यम से मात्र 15 दिनों के भीतर पूरा किया जा रहा है और गाइडलाइन दरों का निर्धारण भी स्वचालित हो गया है। किसानों की सुविधा के लिए पटवारी एवं उप-पंजीयक के डिजिटल हस्ताक्षर वाली डिजिटल किसान ऋण पुस्तिका पोर्टल पर स्वतः तैयार हो रही है, जिसे भविष्य में सिविल कोर्ट से भी जोड़ा जाएगा।

# नई पीढ़ी को नरेंद्र मोदी से मिले उड़ान के लिए पंख

● पी.वी. सिंधु



क्या होता अगर दस साल पहले कोई भारतीय युवा लड×की कहती कि उसे रॉकेट बनाना है। उसे इसरो में शामिल होकर नहीं, बल्कि अपना खुद का रॉकेट बनाना है। ऐसी स्थिति में शायद उसके आसपास के लोग खामोश रह जाते। फिर कोई बहुत सहानुभूति से उसे समझाता कि यह उसके बस की बात नहीं है। वह समझाता की अंतरिक्ष पर सिर्फ सरकार का हक होता है। इतने बड़े सपने तो दूसरे देशों के लोगों के लिए होते हैं।

18 जुलाई, 2026 को एक प्राइवेट भारतीय कंपनी का बनाया रॉकेट अंतरिक्ष की कक्षा में पहुंच गया। इस रॉकेट को स्काईरूट ने बनाया था, जिसकी बुनियाद दो नौजवान इंजीनियरों ने रखी थी। दोनों ने अपने सुरक्षित काम छोड़ कर इस लगभग नामुमकिन सपने को सच करने की ठान रखी थी। स्काईरूट की इस कामयाबी के साथ ही भारत दुनिया के उन सिर्फ तीन देशों में शामिल हो गया जहां किसी आम नागरिक की प्राइवेट कंपनी अंतरिक्ष तक पहुंच सकती है। इस कामयाबी को हासिल करने वाले बाकी दो देश अमेरिका और चीन हैं। वह लड×की, जिसके सपने के पूरा होने का किसी को भी भरोसा नहीं था, अब कह सकती है- ''मैं एलन मस्क बनना चाहती हूं। यह कोई नारा नहीं, बल्कि मेरा पक्का इरादा है।'' बेशक, वह अपने सपने को पूरा करने की यात्रा को शुरू कर सकती है।

पिछले दस वर्षों में हमारे देश में प्रतिभाओं में कोई बदलाव नहीं आया है। भारत के पास काबिलियत हमेशा से थी। जो चीज़ बदली, वह था अवसर। हमारे इतिहास में ज्यादातर समय किसी बड़े सपने का जवाब यह होता था कि ऐसा करना मुमकिन नहीं है। इसलिए नहीं कि काबिलियत में कोई कमी थी। इसलिए कि मंजिल तक पहुंचने का दरवाजा ही बंद था। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सबसे खामोश और सबसे बड़ी कामयाबी यह रही कि अब वह दरवाजा खुल चुका है।

इस बदलाव की गहराई को समझना बहुत जरूरी है। दशकों तक भारत में हर बड़े सपने को रुकावटों का सामना करना पड़ता था। कोई भी अहम काम करने के लिए आपको लाइसेंस, मंजूरी, जान-पहचान या प्रभावशाली परिवार के नाम की जरूरत पड़ती थी। देश में सपने देखने वालों की कभी कोई कमी नहीं थी। कमी थी तो सिर्फ दरवाजों की। और जब दरवाज़े कम हों तो वे सबसे पहले उनके लिए खुलते हैं जिनके पास पहले से चाबियां होती हैं। नौजवान, गरीब और वे लोग दरवाज़े के बाहर ही इंतज़ार करते रह जाते थे जिनके पास कोई बड़ी पहचान नहीं थी। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बंद दरवाजे को देखा और समझा कि असल में इसके क्या कारण थे। उन्होंने इस बदलाव को एक ही लाइन में बयान किया- सरकार का रवैया 'जब तक इजाज़त न हो, तब तक पाबंदी' से बदल कर 'जब तक मना न हो, तब तक इजाज़त' हो गया है। उनके पूरे दशक के काम के पीछे एक पक्का संकल्प रहा है- पाबंदियों की इस दीवार को गिराना और उसकी जगह खुले दरवाज़ों वाला देश बनाना। ऐसा देश जहां इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किसकी संतान हैं। फर्क इससे पड़ता है कि आप क्या बनाने की काबिलियत रखते हैं।

जरा गौर करें कि क्या-क्या खुल गया है। अंतरिक्ष पर 60 साल तक सरकार का एकाधिकार रहा। 2020 में उसे उन सबके लिए खोल दिया गया जिनके पास रॉकेट छोडने की योग्यता थी। फिर हमारे खेतों के ऊपर का आसमान खुला। उस रूल बुक को फाड़ कर फेंक दिया गया जिसके मुताबिक एक छोटे से ड्रोन को उड़ाने के लिए दर्जनों कागज़ात और इजाज़तों की ज़रूरत पड़ती थी। अब किसी छोटे शहर का कोई नौजवान अपना ड्रोन बना सकता है। उसे फोन के जरिए रजिस्टर कर अपना कारोबार शुरू कर सकता है। गांवों की हज़ारों महिलाओं के हाथों में ड्रोन सौंप दिए गए जिससे भविष्य का एक हिस्सा उनकी आजीविका का जरिया बन गया।

इनमें से कुछ बदलाव बहुत दबे पांव आए लेकिन उनकी अहमियत उतनी ही ज्यादा थी। 2021 में मानचित्रों को मुक्त कर दिया ताकि किसी भारतीय कंपनी को उस देश का सर्वे करने के लिए किसी मंजूरी की ज़रूरत नहीं पड़े जिसमें वह पहले से काम कर रही है। 2023 में एक ही कानून के ज़रिए सैकड़ों कानूनों में बदलाव किया गया। इस कानून के जरिए एक हज़ार से ज्यादा वैसे मामलों में आपराधिक सजा के प्रावधान को खत्म कर दिया गया जिनका संबंध कागजी औपचारिकताओं से था। उद्देश्य यह था कि सिर्फ एक फॉर्म छूट जाने पर किसी को जेल नहीं जाना पड़े।

2014 में अंतरिक्ष से संबंधित सिर्फ एक स्टार्टअप था। लेकिन आज भारत में ऐसे लगभग 440 स्टार्टअप हैं। उस समय कोई भी ड्रोन स्टार्टअप नहीं था मगर अब इनकी संख्या सैंकड़ों में पहुंच चुकी है।

लेकिन सिर्फ दरवाजे खोलना अधूरी बात होगी। एक खुले दरवाज़े का कोई फायदा नहीं अगर वहां तक पहुंचने का आपके पास कोई रास्ता ही न हो। यहीं पर इस सोच की न्यायसंगतता नजर आती है। 2016 में स्टार्टअप इंडिया की शुरुआत के समय देश में करीब 350 मान्यता प्राप्त स्टार्टअप थे। आज इनकी संख्या दो लाख से ज़्यादा है और इन्होंने बीस लाख से ज़्यादा नौकरियां सृजित की हैं। ये अब सिर्फ़ बैंगलोर या दिल्ली तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि देश के हर कोने में छोटे शहरों और कस्बों तक पहुँच चुके हैं, जिनमें से एक लाख से भी अधिक की शुरुआत महिलाओं द्वारा की गई है। ये ऋण खास तौर पर उन लोगों के लिए थे जिन्हें पुरानी व्यवस्था में नज़रअंदाज़ किया गया था झ जैसे दलित और आदिवासी परिवारों के पहली बार व्यवसाय शुरू करने वाले लोग और महिलाएँ। साथ ही, करोड़ों ऐसे भारतीय जिनके पास कभी बैंक खाता नहीं था, उन्हें आखिरकार इस दायरे में लाया गया, जहाँ एक साधारण फोन ही बैंक बन गया। आज एक सब्जी बेचने वाला और एक स्टार्ट-अप का संस्थापक दोनों एक ही तरीके से पैसे का लेन-देन करते हैं।

युवाओं को पढ़ाने के तरीके पर भी नए सिरे से सोचा गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने उस व्यवस्था को बदल दिया है जिसके तहत 16 साल के छात्र को किसी एक विषय (स्ट्रीम) में जबरदस्ती दाखिल करा दिया जाता था, जो उसे जीवन भर की सजा की तरह लगता था लेकिन अब यह जीवन भर की सजा की तरह नहीं रहा। अब छात्र ऐसे विषयों को एक साथ पढ़ सकते हैं जिन्हें पहले कभी साथ नहीं पढ़ाया जाता था, किसी डिग्री को बीच में छोड×कर वहीं से दोबारा शुरू कर सकते हैं और देश से बाहर जाए बिना ही विश्वस्तरीय पढ़ाई कर सकते हैं, क्योंकि दुनिया भर के विश्वविद्यालयों ने अब यहीं अपने कैंपस खोलना शुरू कर दिया है।

यह सब एक ही बात की ओर इशारा करता है, एक ऐसा देश जिसने आखिरकार अपने युवाओं पर भरोसा करने का फ़ैसला किया है। हमारे इतिहास के ज़्यादातर समय में, हमारी सबसे प्रतिभाशाली पीढ़ी को लगता था कि कुछ ठोस करने के लिए उन्हें विदेश जाना होगा। हमने उन्हें धीरे-धीरे, साल-दर-साल उन देशों के हाथों खो दिया, जिनके पास ऐसे अनेक अवसर थे जो हमारे पास नहीं थे। यहाँ अंतरिक्ष से लेकर सिलिकॉन तक, सॉफ्टवेयर से लेकर कक्षाओं तक, उन दरवाज़ों को खोलकर इस नेतृत्व ने उस प्रतिभा को देश में रुकने की एक वजह दी है और यहाँ तक कि घर वापस लौटने का एक कारण भी दिया है। भविष्य का निर्माण करना अब कोई ऐसा काम नहीं रहा जिसके लिए आपको भारत छोड़ना पड़े। अब देश में ही रहकर यह काम कर सकते हैं।

और यह वह पक्ष है जिसे कोई भी नीतिगत दस्तावेज़ बयान नहीं कर सकता, वही पक्ष जो बाकी सभी बातों को एक अलग रूप में प्रस्तुत करता है। एक पूरी पीढ़ी को हर तरह का अवसर दिए जाने के बाद भी वे खुद को उपेक्षित महसूस कर सकती है। नरेंद्र मोदी ने भारत के युवाओं को कभी भी ऐसी समस्या नहीं माना जिसे बस 'मैनेज' करना हो या सिर्फ़ वोट बैंक समझा हो। वे परीक्षा से पहले छात्रों के साथ बैठकर उनसे डर, दबाव और उम्मीद के बारे में खुलकर बात करते हैं। वे किसी शासक की तरह प्रजा को उपदेश नहीं देते हैं, बल्कि एक ऐसे व्यक्ति की तरह बात करते हैं जो यह याद रखता है कि युवा होना, डरा होना और साथ ही सपनों से भरा होना कैसा होता है। वे युवाओं से बराबरी के स्तर पर बात करते हैं। वे न तो उन्हें नीचा दिखाते हैं और न ही उनकी बात को अनसुना करते हैं। जब कठिन पल आते हैं, तो वे उनका डटकर सामना करते हैं और युवाओं को अपने उदाहरण से दिखाते हैं कि कुछ भी छिपाने की ज़रूरत नहीं है।

यह कोई छोटी बात नहीं है। हो सकता है कि यह सबसे बड़ी बात हो। क्योंकि जब किसी युवा व्यक्ति को काबिल मानकर बात की जाती है तो धीरे-धीरे उसे भी यकीन होने लगता है कि वह वाकई काबिल है। जो युवा खुद को काबिल मानता है, वही किराए के कमरे में रॉकेट कंपनी शुरू करता है और कुछ ही सालों में अंतरिक्ष तक पहुँच जाता है।

## आज का राशिफल

### मेष राशिः

मेष राशि वालों आज आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की जरूरत है। आज आपको कुछ समय परिवार के लिये जरूर निकालना चाहिए। आज आप किसी काम में बहुत ज्यादा व्यस्त रहेंगे। साथ ही दूसरों की कोई सलाह आपके लिये फायदेमंद सिद्ध होगी। आज बच्चों का मन पढ़ाई की अपेक्षा खेल कूद में ज्यादा लगेगा। आपको अपनी सेहत फीट रखने के लिये नियमित तौर पर व्यायाम करना चाहिए।

शुभ रंग – नीला, शुभ अंक – 4

### वृष राशिः

वृष राशि वालों आज घर पर किसी रिश्तेदार के आने से परिवार में ख़ुशी का माहौल बना रहेगा। साथ में कहीं घूमने भी जायेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी और सोचे हुए जरूरी काम समय पर पूरे हो जायेंगे। आज आपके दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। साथ ही खुशखबरी मिलने से आपका मन पूरे दिन प्रसन्न रहेगा।

शुभ रंग – पीच, शुभ अंक – 6

### मिथुन राशिः

मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको कहीं रुका हुआ पैसा वापस मिलेगा। आज आप अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए कुछ नई योजना बनायेंगे, जिसका फायदा भी होगा। आज आपका मन पूजा पाठ में अधिक लगेगा, आप धार्मिक पुस्तक पढ़ेंगे जिससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। आज आप विपरीत परिस्थितियों में भी खुद को शांत रखेंगे और बेहतर विकल्प तलाश करेंगे।

शुभ रंग – पीच, शुभ अंक – 4

### कर्क राशिः

कर्क राशि वालों आज व्यापार में उम्मीद से अधिक मुनाफा होने वाला है। आज आपको परिवार से कार्यों में मदद मिलती रहेगी। आज आपकी दोस्तों के साथ किसी विशेष मुद्दे पर बातचीत हो सकती हैं, जिससे आपको उसका समाधान मिल जायेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, आज आपको अच्छे काम के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

शुभ रंग – नारंगी, शुभ अंक – 6

### सिंह राशिः

सिंह राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको संतान की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा। आज आपका पूरा ध्यान अपने करियर को आगे बढ़ाने पर रहेगा। साथ ही आज आपको कार्यक्षेत्र में नए अवसर भी प्राप्त होंगे। आज आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करके आपको काफी अच्छा महसूस होगा।

शुभ रंग – ग्रे, शुभ अंक – 7

### कन्या राशिः

कन्या राशि वालों आज आपको अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे है। आज आपको ऑफिस में कोई नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में आप सफल होंगे। साथ ही परिवार में ख़ुशी का माहौल बना रहेगा। आज आपका स्वास्थ्य एकदम ठीक रहेगा और आपके अन्दर एक नई ऊर्जा का संचार होगा।

शुभ रंग – हरा, शुभ अंक – 4

### तुला राशिः

तुला राशि वालों आज माता पिता की सलाह आपके लिए कारगर साबित होगी। आज आपको अपने कार्यक्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल होगी, जिससे आपकी चर्चा दूर–दूर तक होगी। आज आपको गंभीर मामलों को शांति और बातचीत से सुलझाने की कोशिश करनी चाहिए। आज आप थोड़े भावुक भी हो सकते हैं, इसलिए आप कोई भी फैसला जल्दबाजी में ना लें तो अच्छा रहेगा।

शुभ रंग – बैंगनी, शुभ अंक – 1

### वृश्चिक राशिः

वृश्चिक राशि वालों आज आप परिवार के साथ कहीं घूमने जायेंगे। आज किसी काम के सिलसिले में अनजान व्यक्ति से आपकी दोस्ती होगी, जो लम्बे समय तक चलेगी। इस राशि के कला और साहित्य से जुड़े व्यक्तियों को आज कहीं परफॉर्म करने का मौका मिलेगा। साथ ही कुछ जरूरी योजनाएं आपके अनुसार पूरी होंगी। आज अधिकारी वर्ग आपके काम से प्रसन्न होंगे, जिससे मन पसंद जगह पर ट्रांसफर होने के योग बने हुए है।

शुभ रंग – हरा, शुभ अंक – 5

### धनु राशिः

धनु राशि वालों आज ऑफिस के काम को पूरा करने में आप पूरी तरह से सक्षम होंगे। इस राशि के लॉ की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। आज आपको किसी सीनियर वकील के साथ इंटरर्नशिप करने का मौका मिलेगा। आज आप करियर में नए आयाम स्थापित करेंगे। साथ ही आज आप जिससे भी मदद की उम्मीद करेंगे, उससे आपको समय पर मदद मिल जायेगी।

शुभ रंग – गुलाबी, शुभ अंक – 2

### मकर राशिः

मकर राशि वालों आज आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। आज आपकी व्यापारिक डील किसी बड़ी कम्पनी के साथ फाइनल होने की संभावना है। आज आपके घर पर किसी मेहमान का आगमन होगा, जिससे परिवार में चहल पहल बनी रहेगी। आज आपको ऑफिस में एक साथ कई काम करने पड़ पड़ेंगे और काम के प्रति आपकी मेहनत रंग लायेगी।

शुभ रंग – पीला, शुभ अंक – 6

### कुंभ राशिः

कुंभ राशि वालों आज आपका दिन बेहद शानदार रहने वाला है। आज बॉस आपसे कुछ ज्यादा ही अपेक्षाएं रखेंगे, आप उनकी अपेक्षाओं पर खरे भी उतरेंगे। आज आपका मन रचनात्मक कार्यों में लगेगा। साथ ही आपको किसी संस्था के माध्यम से सम्मानित भी किया जायेगा। आज आप कुछ नए लोगों के संपर्क में आ सकते हैं, जिनसे आपको फायदा भी होगा।

शुभ रंग – लाल, शुभ अंक – 8

### मीन राशिः

मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहने वाला है। आज आपकी कारोबारी गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेंगी। आज किसी काम में अनुमान से ज्यादा मेहनत और समय लग सकता है। आज स्वास्थ्य के प्रति आपको सजग रहने की जरूरत है और जंक फूड खाने से भी बचना चाहिए। आज आप अपने दोस्त से किसी काम के लिए मदद ले सकते हैं, जिससे वो समय पूरा हो सके।

शुभ रंग – मैजेंटा, शुभ अंक – 2

## सू- दोकू क्र.164

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.163का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -164

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा–सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | ■ | ■ | | ■ | 21 | ■ | |
| 22 | | | | | ■ | 23 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 163 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

# मानसिक स्वास्थ्य माह के दौरान जिलेभर में होंगे जागरूकता कार्यक्रम

## जिला कलक्टर कमल राम मीणा ने किया बैनर का विमोचन, मानसिक स्वास्थ्य को लेकर आमजन को जागरूक करने पर जोर

चमकता राजस्थान

**ब्यावर।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिले में 10 सितम्बर से 10 अक्टूबर 2026 तक मानसिक स्वास्थ्य माह मनाया जा रहा है। इस दौरान आमजन को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने, मानसिक रोगों से जुड़े भ्रम एवं भ्रांतियों को दूर करने तथा आवश्यकता पड़ने पर समय पर परामर्श एवं उपचार प्राप्त करने के लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।




जिला कलक्टर कमल राम मीना के निर्देशानुसार एवं आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला कलक्टर ने जिला अधिकारियों की उपस्थिति में मानसिक स्वास्थ्य माह के बैनर का विमोचन किया।

इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य डॉ. अनुरुद्ध भार्गव, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद धनदान देथा, जिला अधिकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग विशाल सिंह सोलंकी, साइबर थाना अधिकारी अनिल पुरोहित सहित शिक्षा विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला कलक्टर ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य की तरह ही महत्वपूर्ण है। मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं को लेकर समाज में व्याप्त भ्रम एवं भ्रांतियों को दूर करने तथा लोगों को समय पर विशेषज्ञ से परामर्श लेने के लिए प्रेरित करना आवश्यक है। मानसिक स्वास्थ्य माह के दौरान जिले में विभिन्न विभागों के समन्वय से जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर आमजन तक मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं एवं परामर्श की जानकारी पहुंचाई जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत ने कहा कि तनाव, चिंता, अवसाद अथवा अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को छिपाने की बजाय समय पर विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन को मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं एवं परामर्श सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### विकसित भारत जनसेवा अभियान के तहत रक्तदान शिविर आयोजित, 62 लोगों ने किया रक्तदान



**चमकता राजस्थान/ब्यावर/मसूदा।** विकसित भारत जनसेवा अभियान के तहत आज दिनांक 18 सितंबर 2026 को उप जिला चिकित्सालय, मसूदा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सा विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला ब्यावर, डॉ. संजय गहलोत , प्रमुख चिकित्साधिकारी, उप जिला चिकित्सालय मसूदा, डॉ. लखेंद्र सिंह चौहान तथा उपखंड अधिकारी मसूदा, सुश्री दीपशिखा राठौड़ उपस्थित रहे।

रक्तदान शिविर में लगभग 62 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने रक्तदान को महादान बताते हुए आमजन को नियमित रूप से रक्तदान करने तथा जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए चिकित्सा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया गया। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

### देवमाली में देवनारायण भगवान के मेले में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने किया खाद्य संस्थानों का निरीक्षण



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** मसूदा क्षेत्र के देवमाली में आयोजित देवनारायण भगवान के मेले में आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने विभिन्न खाद्य संस्थानों एवं अस्थायी खाद्य स्टॉल का निरीक्षण किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत के नेतृत्व में टीम ने खाद्य संस्थानों में साफ-सफाई, खाद्य पदार्थों के रख-रखाव, स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों की पालना का जायजा लिया। इस दौरान खाद्य विक्रेताओं को खाद्य पदार्थों की सुरक्षित एवं स्वच्छ तरीके से तैयारी, रख-रखाव और विक्रय के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

टीम द्वारा खाद्य विक्रेताओं को फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन करवाने तथा आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध रखने के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही मेले में आने वाले आमजन को गुणवत्तायुक्त एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के लिए खाद्य सुरक्षा मानकों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खाद्य विक्रेताओं को स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए नियमों की पालना सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

निरीक्षण दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विक्रम बेड़ा एवं कुलदीप सिंह चौधरी शामिल रहे।

### सलेमपुर पुलिस का बड़ा एक्शनः दो शातिर नकबजन गिरफ्तार

- **चार चोरी की वारदातों का खुलासा, करीब 15 लाख का माल बरामद**
- **सोने-चांदी के जेवर, नकदी, इन्वर्टर-बैटरियां, बाइक और चोरी के औजार जब्त**

**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** सलेमपुर थाना पुलिस और साइबर सेल दौसा ने चोरी व नकबजनी की वारदातों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से थाना सलेमपुर क्षेत्र की चार वारदातों सहित दौसा और अन्य जिलों में हुई कई चोरी की घटनाओं का खुलासा किया है। आरोपियों की निशानदेही पर करीब 15 लाख रुपए कीमत का चोरी का माल बरामद किया गया है।






गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुखराम उर्फ राजेश बावरिया पुत्र मुंशी बावरिया (23), निवासी थला का वास बडियाल खुर्द, थाना बसवा, जिला दौसा तथा लोकेश उर्फ बाबू बावरिया पुत्र सुरज्ञान उर्फ विजय बावरिया (20), निवासी पदमपुर राजोर, थाना टोडाभीम, जिला करौली के रूप में हुई है।

- **चार मामलों का खुलासा**

पुलिस के अनुसार थाना सलेमपुर में दर्ज मुकदमा संख्या 127/2026, 19/2026, 16/2026 और 111/2026 में आरोपियों की संलिप्तता सामने आई। जांच के दौरान पुलिस ने इन मामलों में चोरी हुआ माल बरामद किया। इसके अलावा थाना सदर करौली के गुडला पहाड़ी में हुई चोरी तथा अन्य वारदातों से संबंधित माल भी आरोपियों की सूचना पर बरामद किया गया है।

## भीलवाड़ा में पशुओं की जांच के लिए द एनिमल लैब शुरू

### बीमारी की समय पर पहचान और उपचार में मिलेगी मदद, पशु प्रेमियों के लिए स्थानीय स्तर पर जांच की सुविधा

चमकता राजस्थान

**महेश कुमार बिड़ला/मीडिया प्रभारी मांडल भीलवाड़ा।** पशुओं में होने वाली बीमारियों की समय पर पहचान, उचित उपचार और आवश्यक स्वास्थ्य जांच की सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने की दिशा में द एनिमल लैब की शुरुआत की गई है। पशु प्रेमी मोनिका न्याती की पहल पर शुरू हुई इस प्रयोगशाला का उद्देश्य पशु चिकित्सकों की सलाह के अनुसार विभिन्न प्रकार की आवश्यक जांच एवं निदान संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि पशुओं के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं की पहचान में समय की बचत हो और उपचार की दिशा तय करने में चिकित्सकों को जांच रिपोर्ट से आवश्यक मदद मिल सके।



मोनिका न्याती ,भीलवाड़ा

द एनिमल लैब में कुत्ते, बिल्ली, गाय, भैंस, घोड़े, ऊंट सहित विभिन्न पशुओं से जुड़ी आवश्यक स्वास्थ्य जांच कराने का प्रयास किया गया है। प्रयोगशाला में उपलब्ध जांच सुविधाओं के माध्यम से पशु चिकित्सकों को बीमारी की पहचान एवं उपचार संबंधी निर्णय लेने में सहयोग मिल सकेगा। विशेष रूप से उन मामलों में, जहां पशु अपनी तकलीफ स्पष्ट रूप से नहीं बता पाते, जांच रिपोर्ट बीमारी के लक्षणों को समझने और आगे की उपचार प्रक्रिया तय करने में उपयोगी हो सकती है।

प्रयोगशाला की संचालिका मोनिका न्याती ने बताया कि पशु अपनी तकलीफ बोलकर नहीं बता सकते। ऐसे में जब किसी पशु में बीमारी के लक्षण दिखाई दें, तो समय पर स्वास्थ्य जांच कराना महत्वपूर्ण हो जाता है। सही समय पर की गई जांच से बीमारी की पहचान में सहायता मिलती है तथा पशु चिकित्सक को उपचार की उचित दिशा तय करने में सुविधा होती है। उनका कहना है कि पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य और देखभाल के लिए जांच की सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होना पशु प्रेमियों के लिए भी उपयोगी कदम है।

द एनिमल लैब की शुरुआत से भीलवाड़ा और आसपास के क्षेत्र में पशु स्वास्थ्य जांच को स्थानीय स्तर पर बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। पशु पालकों एवं पशु प्रेमियों को बीमारी के लक्षणों को नजरअंदाज करने के बजाय विशेषज्ञ पशु चिकित्सक की सलाह लेने और आवश्यकता होने पर समय पर जांच कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है। समय पर जांच और उचित उपचार से पशुओं के स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल संभव हो सकती है।

## डीग नगर परिषद सभापति अर्पित गुप्ता ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ



**चमकता राजस्थान/सुरेश शर्मा / डीग।** डीग नगर परिषद के नवनिर्वाचित सभापति अर्पित गुप्ता ने शुक्रवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। नगर परिषद परिसर में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम ने उन्हें सभापति पद की शपथ दिलाई।

अर्पित गुप्ता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से सभापति पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। शपथ ग्रहण के बाद समर्थकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी और शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर नगर परिषद के पार्षदों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की मौजूदगी रही। नवनिर्वाचित सभापति अर्पित गुप्ता ने नगर परिषद क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही।

## डीग नगर परिषद सभापति अर्पित गुप्ता ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

**चमकता राजस्थान/सुरेश शर्मा/डीग।** डीग नगर परिषद के नवनिर्वाचित सभापति अर्पित गुप्ता ने शुक्रवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। नगर परिषद परिसर में आयोजित कार्यक्रम में रिटनिंग ऑफिसर अमित कुमार मीणा ने उन्हें सभापति पद की शपथ दिलाई।

अर्पित गुप्ता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से सभापति पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। शपथ ग्रहण के बाद समर्थकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नगर परिषद के पार्षदों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की मौजूदगी रही। नवनिर्वाचित सभापति अर्पित गुप्ता ने नगर परिषद क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही।

## पंचायत राज संस्थाओं के वार्डों एवं प्रधान पदों के आरक्षण की प्रक्रिया 23 सितंबर को

**चमकता राजस्थान/रिपोर्ट मोहम्मद रफीक नागौर।** जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि पंचायत राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के क्रम में जिले की जिला परिषद नागौर एवं पंचायत समितियों के वार्डों तथा प्रधान पदों के वर्गवार आरक्षण एवं महिला आरक्षण के निर्धारण की प्रक्रिया आगामी बुधवार 23 सितंबर को आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया की यह प्रक्रिया 23 सितंबर 2026 को प्रातः 9 बजे से जिला परिषद सभागार नागौर में संपादित की जाएगी। इस दौरान जिला परिषद नागौर तथा पंचायत समिति नागौर, खींवसर, पांचौड़ी, मूंडवा, मेड़ता सिटी, मेड़तारोड-गोटन, डेगाना, रियांबड़ी, जायल, डेह, श्रीबालाजी-अलाय एवं भैरूंदा के वार्डों एवं प्रधान पद का वर्गवार आरक्षण तथा महिला आरक्षण निर्धारित किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया में संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं इच्छुक व्यक्तियों की उपस्थिति निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार रहेगी। उन्होंने बताया कि आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया नियमानुसार एवं पारदर्शी रूप से संपादित की जाएगी।

## कांग्रेस पार्षदों एवं उनके परिजनों पर दबाव बनाने तथा सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग

चमकता राजस्थान

**रिपोर्ट मोहम्मद रफीक नागौर।** नगर निकाय चुनाव परिणामों के बाद कांग्रेस एवं कांग्रेस समर्थित पार्षदों तथा उनके परिजनों पर पुलिस एवं प्रशासन के माध्यम से कथित रूप से दबाव बनाए जाने और राजनीतिक उद्देश्य से सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के आरोपों को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हनुमानराम बांगड़ा के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम जिला पुलिस अधीक्षक के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया।



इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष हनुमानराम बांगड़ा ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से ऐसी सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं कि कांग्रेस एवं कांग्रेस समर्थित पार्षदों पर दबाव बनाया जा रहा है तथा उन्हें राजनीतिक रूप से प्रभावित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि यदि ऐसी गतिविधियां हो रही हैं तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों एवं स्वतंत्र चुनावी प्रक्रिया के लिए गंभीर चिंता का विषय है ओर मांग की गई कि कांग्रेस एवं कांग्रेस समर्थित पार्षदों तथा उनके परिजनों पर किसी भी प्रकार का अनुचित दबाव या उत्पीड़न तत्काल बंद किया जाए। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा सरकारी मशीनरी का किसी भी राजनीतिक उद्देश्य के लिए दुरुपयोग नहीं किया जाए तथा प्रत्येक कार्रवाई निष्पक्ष एवं कानून के अनुरूप की जाए ओर पार्षदों या उनके परिजनों के संबंध में किसी भी प्रकार की पुलिस कार्रवाई निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत निष्पक्ष रूप से की जाए लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ पुलिस अथवा प्रशासन के दुरुपयोग से संबंधित किसी भी शिकायत या घटना की निष्पक्ष जांच करवाई जाए।

ज्ञापन में राज्यपाल महोदय से पूरे मामले में तत्काल संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों, निष्पक्ष प्रशासन एवं कानून के शासन को सुनिश्चित करने की मांग की गई।

कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को स्वतंत्र रूप से कार्य करने का अवसर मिलना चाहिए और प्रशासनिक संस्थाओं को निष्पक्ष एवं कानूनसम्मत तरीके से कार्य करना चाहिए इस दौरान पीसीसी सचिव आईदानराम भाटी,भंवरलाल खुडखुडीया,भंवरलाल बेनीवाल,ताजाराम,भानूप्रकाश सैनी,शिवदयाल गोलियां,नकुल सैनी,रामसिंह बेनीवाल,अबरार सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी ओर कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## मनुष्य को जीवन में सत्संग अवश्य करना चाहिए,सत्संग से ही भक्ति का कल्याण होता है : पाराशर

चमकता राजस्थान

अमर दीप सेन डीग। शहर के खण्डेलवाल धर्मशाला में आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तृतिय दिवस व्यास पीठ पर विराजमान लक्ष्मण मंदिर के महंत कथा प्रवक्ता पूज्य पंडित मुरारी लाल पाराशर ने भगवान विष्णु के पांचवें अवतार वामन अवतार,मोहिनी अवतार की कथा का वर्णन किया।

पूज्य पाराशर ने बताया कि भगवान विष्णु ने वामन रूप में यह अवतार तब लिया था, जब असुरराज बलि ने देवताओं से स्वर्ग छीन लिया था।

वामन एक बौने ब्राह्मण के वेश में राजा बलि के पास पहुंचे और उनसे रहने के लिए तीन पग भूमि मांगी। राजा बलि ने दान देने का वचन दिया। इसके बाद वामन देव ने अपना विराट रूप धारण कर एक पग में धरती और दूसरे पग में स्वर्ग को नाप लिया। तीसरा पग रखने के लिए कोई जगह नहीं



बची, तो राजा बलि ने अपना सिर आगे कर दिया। वामन देव ने बलि के सिर पर पैर रखकर उन्हें पाताल लोक भेज दिया और देवताओं को स्वर्ग वापस दिला दिया।

पाराशर ने कहा कि भगवान भक्ति से बंध गए ।भक्ति भगवान को बांधती है। भक्ति के कारण भगवान को भक्तों के पास आना पड़ता है। जबकि ज्ञान में ज्ञानी को भगवान के पास जाना पड़ता है ।भक्ति स्वतंत्र सकल गुण खानी, बिन सत्संग ना पावही प्राणी भक्ति स्वतंत्र है, सारे गुणों का भंडार है। परंतु भक्ति सत्संग के द्वारा संतों के संग के द्वारा ही प्राप्त हो सकती है। इसलिए व्यक्ति को जीवन में सत्संग अवश्य करना चाहिए। सत्संग से ही भक्ति का कल्याण होता है। इस अवसर पर श्री मति कांति देवी, संजय खण्डेलवाल उर्फ बंटी, महेश खण्डेलवाल, आदित्य खण्डेलवाल, निखिल खण्डेलवाल,पार्थ खण्डेलवाल, बाबू लाल, भगवान , मुकेश, विष्णु,लखन,आशा खण्डेलवाल, सलोनी खण्डेलवाल, सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अफीम डोडा चूरा तस्करी मामले में 10 माह से फरार अभियुक्त गिरफ्तार

- **अफीम डोडा चूरा तस्करी मामले में 10 माह से फरार अभियुक्त गिरफ्तार**
- **धरियावद पुलिस की कार्रवाई, 45 किलो अवैध डोडा चूरा परिवहन मामले में था वांछित**

**चमकता राजस्थान/धरियावद।** जिला पुलिस कप्तान विशाल जांगिड़ के निर्देशन में जिलेभर में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत धरियावद पुलिस ने अफीम डोडा चूरा तस्करी के मामले में करीब 10 माह से फरार चल रहे अभियुक्त भेरूलाल को गिरफ्तार किया है।
धरियावद पुलिस उप अधीक्षक अकुश मीणा के मार्गदर्शन में थानाधिकारी हजारी लाल मीणा के नेतृत्व में गठित टीम में हेड कांस्टेबल भीमराज, कांस्टेबल रमेश चंद्र, विश्वजीत सिंह, शैतान सिंह मय जाब्ता शामिल रहे। टीम ने अथक प्रयास करते हुए वांछित अभियुक्त भेरूलाल पुत्र मोहनलाल निवासी कतलार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।
पुलिस के अनुसार थाना परसोला पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान स्विफ्ट कार नंबर एमएच 01 वीए 9417 को रोककर तलाशी ली थी। कार से करीब 45 किलो अवैध डोडा चूरा बरामद होने पर मोहनलाल पुत्र हुक्माराम विश्नोई निवासी गुन्दाव, थाना करड़ा, जिला जालौर तथा धोलाराम पुत्र बिराराम विश्नोई को गिरफ्तार किया गया था। इस संबंध में थाना परसोला में प्रकरण संख्या 109/2025, धारा 8/15, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।
प्रकरण का अनुसंधान धरियावद थानाधिकारी हजारी लाल मीणा द्वारा किया जा रहा था। अनुसंधान के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को बताया कि जब्त मादक पदार्थ संजय पुत्र मदनलाल दर्जी निवासी बिशनिया, थाना नाहरगढ़, जिला मंदसौर तथा विजय पुत्र दिनेश सोनी से खरीदा गया था। दोनों ने उक्त मादक पदार्थ भेरूलाल पुत्र मोहनलाल निवासी कतलार से प्राप्त करना बताया।
पुलिस ने भेरूलाल की तलाश लगातार जारी रखते हुए उसे करीब 10 माह बाद गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। मामले में पुलिस द्वारा आगे अनुसंधान जारी है।

### प्रतापगढ़ जिले में अघोषित बिजली कटौती के विरोध में BAP ने सौंपा ज्ञापन

- **विधायक थावर चंद डामोर....के नेतृत्व मे**



**चमकता राजस्थान/धरियावद।** प्रतापगढ़ जिले में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर भारत आदिवासी पार्टी (इअढ) ने जिला कलेक्टर के नाम उपखंड अधिकारी/तहसीलदार धरियावद के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में धरियावद विधायक थावर चंद्र डामोर ब्लॉक अध्यक्ष शंकर लाल बरगोट सहित कि उपस्थित मे बिजली कटौती बंद कर नियमित विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की गई है।
ज्ञापन में बताया गया कि जिले के आठ ब्लॉक–पीपलखूंट, धरियावद, अरनोद, दलोट, धमोतर, छोटीसादड़ी, प्रतापगढ़ और सुहागपुरा सहित नगर परिषद क्षेत्र में करीब एक महीने से प्रतिदिन 4 से 5 घंटे रात के समय अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। इससे ग्रामीणों और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से शाम 6 बजे बाद कटौती होने से बारिश के मौसम में ग्रामीणों को खाना बनाने और खाने में परेशानी तथा बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने की बात ज्ञापन में कही गई है।
भारत आदिवासी पार्टी ने ज्ञापन के माध्यम से चार प्रमुख मांगें रखीं–
अघोषित बिजली कटौती तत्काल बंद कर 24 घंटे नियमित विद्युत सप्लाई बहाल की जाए।
लोड या तकनीकी कारणों से कटौती आवश्यक होने पर संबंधित फीडर क्षेत्र में एक दिन पूर्व सार्वजनिक शेड्यूल जारी किया जाए।
जले हुए अथवा खराब ट्रांसफार्मर को 24 घंटे के भीतर बदला जाए तथा इसके लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाए।
कृषि फीडर के किसानों को दिन में 12 घंटे थ्री-फेज बिजली नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाए।
ज्ञापन में मांगों पर 7 दिवस के भीतर सुधार करने का आग्रह किया गया है। ज्ञापन की प्रतिलिपि अधीक्षण अभियंता, अजमेर विद्युत वितरण निगम, प्रतापगढ़ को भी भेजी गई है।

# शिक्षक हितों एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मुद्दों पर मंथन

## राजस्थान शिक्षक संघ (एकीकृत) का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन आयोजित

चमकता राजस्थान

**ब्यूरो चीफ जेके बावल/पाली।** राजस्थान शिक्षक संघ (एकीकृत) की ओर से शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आवासन मंडल पाली में जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया।

जिला अध्यक्ष नन्द किशोर शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए शिक्षक प्रतिनिधियों एवं संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान शैक्षिक नवाचारों, छात्रों में राष्ट्रीयता की भावना विकसित करने, अनुशासन, प्रार्थना सभा के माध्यम से नेतृत्वकर्ता की भावना जाग्रत करना,शिक्षक हितों, सेवा संबंधी समस्याओं तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से मंथन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। शिक्षाविद देवराज शर्मा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जय नारायण कडेचा जिला अध्यक्ष नन्द किशोर शर्मा अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद लखेरा ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का उद्घाटन किया। इसके पश्चात अतिथियों एवं संगठन के पदाधिकारियों का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। शिक्षक प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में शिक्षकों के समक्ष आ रही विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को सम्मेलन में रखा।



प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जय नारायण कडेचा ने संगठन की एकजुटता पर जोर देते हुए शिक्षक हितों से जुड़े मुद्दों के लिए संगठित होकर कार्य करने का आ''ान किया।प्रधानाचार्य गंगाधर पाठक ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विद्यालयों में उपलब्ध आईसीटी लैब एवं शिक्षण सहायक सामग्री का अधिकतम उपयोग करने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद लखेरा ने शिक्षा विभाग की ओर से विद्यार्थियों के हित में संचालित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्र विद्यार्थियों को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए शिक्षक ों से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

मिशन मानस' कार्यक्रम मे हरसंभव सहयोग - शिक्षक संघ ने जिला कलेक्टर की पहल पर विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर में सुधार के लिए संचालित 'मिशन मानस' कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए इसके क्रियान्वयन में हरसंभव सहयोग देने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया। वक्ताओं ने कहा कि कार्यक्रम से विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान में वृद्धि हुई है तथा सरकारी विद्यालयों के छोटे बच्चे भी अंग्रेजी में संवाद करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।
अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रवीण जांगिड़ ने विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक वातावरण तैयार करने तथा विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में निरंतर सुधार के लिए प्रयास करने पर जोर दिया। सहायक निदेशक ललित देव शर्मा ने शिक्षक ों से विद्यार्थियों में पुस्तकालय की पुस्तकों के अधिकतम उपयोग की आदत विकसित करने तथा सुंदर लेखन के लिए प्रेरित करने का आ''ान किया।
विद्यालयों में अनुशासन की भावना हो विकसित - अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रेश पाल सिंह ने विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा प्रदान करने तथा विद्यालयों में अनुशासन की भावना विकसित करने पर बल दिया।साहित्यकार शिक्षाविद्ध देवराज शर्मा ने छात्रों के विकास के लिए शैक्षिक, सहशैक्षणिक एवं नवाचार युक्त पाठ्येतर गतिविधियों के संचालन से उनमें नव उर्जा का संचरण होता है।बाल साहित्य छात्रों में आत्मविश्वास, आत्मविकास का संचार करता है।
सम्मेलन में देवेंद्र मेवाड़ा, ओमप्रकाश पांडे, गजेंद्र पुरोहित, रमेश गोयल ,राजेश व्यास ,विक्रम सिंह पंवार ,जगदीश दिवाकर, दाऊ सिंह चौहान एवं नंदकिशोर शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का मंच संचालन दिलीप पटेल ने किया।

# डग में रासलीला में जीवंत हुए ब्रज के प्रसंग, गणेश चौक पर छह दिवसीय आयोजन जारी

चमकता राजस्थान

**डग-18 सितंबर(कुन्दन व्यास)** । नगर के गणेश चौक पर गणेश उत्सव समिति के तत्वावधान में वृंदावन की प्रसिद्ध नंदकिशोर शर्मा एंड पार्टी द्वारा छह दिवसीय रासलीला का भव्य आयोजन किया जा रहा है।समिति अध्यक्ष हर्षित शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस रासलीला में वृंदावन के कलाकार ब्रज के विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का जीवंत मंचन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं।रासलीला देखने के लिए नगर की मातृशक्ति सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन पंडाल में पहुंच रहे हैं।महिलाओं ने पुरानी परंपरा को याद करते हुए आयोजन की सराहना की और भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का आनंद लिया। गुरुवार की रात्रि रासलीला में पूतना वध और ब्रज बधाई के प्रसंग का आकर्षक मंचन किया गया।कलाकारों ने मनमोहक वेशभूषा धारण कर विभिन्न पात्रों को जीवंतता के साथ प्रस्तुत किया,जिससे पूरे पंडाल में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।



- **महिला पंडाल में विशेष सुरक्षा व्यवस्था**

रासलीला आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी सतर्क है।थाना प्रभारी भंवर सिंह गुर्जर ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महिला श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए महिला पंडाल में महिला कांस्टेबलों की विशेष तैनाती की गई है,ताकि आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

- **विभिन्न संगठनों ने की झांकियों की पूजा-अर्चना**

गणेश उत्सव समिति द्वारा रासलीला में प्रस्तुत की जा रही चैतन्य झांकियों की पूजा-अर्चना विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा की जा रही है।इस क्रम में खाटू श्याम मित्र मंडल,मां शारदे सांस्कृतिक मंच सहित दक्षिण भारत यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं ने झांकियों की पूजा-अर्चना की।इस अवसर पर समिति द्वारा दक्षिण भारत यात्रा से लौटे यात्रियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत-सम्मान भी किया गया।

# सुन्नी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी, दारुल उलूम सुफिया हमीदिया

चमकता राजस्थान

**रिपोर्ट मोहम्मद रफीक नागौर।** नागौर शरीफ की ओर से दिनांक 4 अक्टूबर 2026, रविवार को महान सूफी संत हज़रत सूफी हमीदुद्दीन नागौरी रहमतुल्लाहि अलैह के नाम से एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।क्विज प्रतियोगिता के संयोजक मौलाना मुफ्ती मोहम्मद इमरान साहब अशफ़ाक़ी एवं सदर दारुल उलूम सुफिया हमीदिया के याकूब खान साहब ने बताया कि प्रतियोगिता परीक्षा में महान सूफी संत हज़रत सूफी हमीदुद्दीन नागौरी रहमतुल्लाहि अलैह की जीवनी, धार्मिक एवं आध्यात्मिक विचार, शिक्षा, समाज सेवा तथा जनकल्याण के लिए किए गए कार्यों से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए फॉर्म भरना अनिवार्य होगा, ताकि सभी प्रतिभागियों को रोल नंबर जारी किए जा सकें।



अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए फॉर्म प्राप्त करने एवं जमा कराने के लिए निम्न केंद्र निर्धारित किए गए है उपरोक्त सभी केंद्रों से प्रतियोगिता के फॉर्म प्राप्त किए जा सकते हैं।
प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नगद राशि एवं प्रशंसा-पत्र देक र सम्मानित किया जाएगा।
आयोजकों ने सभी अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं प्रतियोगिता में रुचि रखने वाले लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में इस प्रतियोगिता में भाग लें और महान सूफी संत हज़रत सूफी हमीदुद्दीन नागौरी रहमतुल्लाहि अलैह की शिक्षाओं एवं जीवन से प्रेरणा प्राप्त करें।

### पेड़-पौधों के प्रति अच्छी भावना

**चमकता राजस्थान/महेश कुमार बिड़ला / मांडल, भीलवाड़ा।** पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। इनके बिना धरती पर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और उनकी नियमित देखभाल करनी चाहिए। पेड़ हमें शुद्ध हवा, छाया, फल और पर्यावरण को संतुलित रखने में मदद करते हैं।



आइए, हम सभी मिलकर ''एक पेड़ अपने नाम'' अभियान को आगे बढ़ाएं और हरियाली को बढ़ावा दें। प्रकृति की सेवा करना हम सभी का कर्तव्य है। पेड़ लगाएं, जीवन बचाएं और पर्यावरण को हरा-भरा बनाएं।

### पदमपुर में भाजपा को झटका, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुनील हांडा कांग्रेस में शामिल



**चमकता राजस्थान/श्रीगंगानगर (संजय बिश्नोई)।** पदमपुर की स्थानीय राजनीति में एक बार फिर बड़ा सियासी घटनाक्रम सामने आया है। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुनील हांडा ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। उनके साथ पूर्व पार्षद जोगेन्द्र हांडा सहित बड़ी संख्या में समर्थकों के कांग्रेस में शामिल होने की बात सामने आई है। कांग्रेस में शामिल होने का कार्यक्रम कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं विधायक रूपिंदर सिंह कुनर की मौजूदगी में हुआ। इस दौरान समर्थकों ने कांग्रेस का समर्थन जताया। कांग्रेस में शामिल होने के बाद सुनील हांडा ने कहा कि वे विधायक रूपिंदर सिंह कुनर की कार्यशैली और क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों से प्रभावित हैं। इसी वजह से उन्होंने कांग्रेस के साथ आगे राजनीतिक रूप से काम करने का निर्णय लिया है। सुनील हांडा और जोगेन्द्र हांडा के कांग्रेस में शामिल होने से पदमपुर की स्थानीय राजनीति में नए समीकरण बनने की चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि इस घटनाक्रम का आगामी राजनीतिक गतिविधियों पर क्या असर पड़ेगा, यह आने वाले समय में स्पष्ट होगा। पदमपुर नगरपालिका में 25 वार्ड हैं और 2026 के निकाय चुनाव के घोषित परिणामों में भाजपा ने 13, कांग्रेस ने 11 तथा एक वार्ड में निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की थी।

# महापौर चुनाव में अब तीन प्रत्याशी मैदान में, तीन ने वापस लिए नामांकन

## नमिता बुबकिया को कमल, सुमित्रा जैन को हाथ और राजबाला हिंगड को सोफा चुनाव चिन्ह

चमकता राजस्थान

**ब्यूरो चीफ जेके बावल/पाली।** नगर निगम आम चुनाव 2026 में महापौर पद के चुनाव को लेकर शुक्रवार को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही चुनावी तस्वीर साफ हो गई। महापौर पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले छह प्रत्याशियों में से तीन प्रत्याशियों ने निर्धारित समय सीमा में अपने नाम निर्देशन पत्र वापस ले लिए। इसके बाद अब तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं।

रिटर्निंग अधिकारी नगर निगम शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि महापौर पद के लिए कुल छह प्रत्याशियों की ओर से नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए गए थे। शुक्रवार को नाम वापसी के अंतिम दिन कुसुम सोनी, पुष्पा तथा रशीदा बानो ने अपने नाम निर्देशन पत्र वापस ले लिए। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब भाजपा की नमिता बुबकिया, कांग्रेस की सुमित्रा जैन तथा निर्दलीय राजबाला हिंगड महापौर पद के लिए चुनाव मैदान में हैं।



तीनों प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित -नाम वापसी की निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत की मौजूदगी में चुनाव मैदान में शेष रहे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए। भाजपा प्रत्याशी नमिता बुबकिया को कमल का फूल, इंडियन नेशनल कांग्रेस की सुमित्रा जैन को हाथ तथा निर्दलीय प्रत्याशी राजबाला हिंगड को सोफा चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया।

उपमहापौर पद के लिए दो नाम निर्देशन पत्र वितरित -सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि शुक्रवार को उपमहापौर पद के लिए मेहबूब को दो नाम निर्देशन पत्र वितरित किए गए। उपमहापौर पद की प्रक्रिया को लेकर भी निर्वाचन विभाग की ओर से आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

ये रहे मौजूद - इस दौरान विशेषाधिकारी निर्वाचन पाली चौधरी बिरजू गोपाल, उप पंजीयक प्रथम शिवजीराम बावरी, तहसीलदार सुनील कुमार, तहसीलदार निर्वाचन नेहा चौधरी, महेन्द्र बैरवा, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, अभिषेक चतुर्वेदी, युजवेन्द्र खेमलानी, बबलू काठात, जयपाल सिंह चौहान, अभिषेक राजपुरोहित पुनायता, ताराचंद सेजू, रामलाल मानपुरा सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

### मोदी कैबिनेट में बड़े फेरबदल की आहट, मंत्रियों का 'रिपोर्ट कार्ड' परखेंगे पीएम ; 23-24 सितंबर को महामंथन

**नई दिल्ली/एजेंसी।** केंद्र की सत्ता में अपने तीसरे कार्यकाल के अहम पड़ाव पर खड़ी मोदी सरकार में क्या जल्द ही बड़ा फेरबदल होने जा रहा है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अगले सप्ताह बुलाई गई दो दिवसीय विशेष 'चिंतन बैठक' ने राजनीतिक गलियारों और लुटियंस दिल्ली में हलचल तेज कर दी है। 23 और 24 सितंबर को होने वाली इस हाई-प्रोफाइल बैठक में सभी केंद्रीय कैबिनेट मंत्रियों को दिल्ली में ही मौजूद रहने का फरमान जारी किया गया है। आधिकारिक तौर पर इसे नीतियों और प्रशासनिक सुधारों की समीक्षा बताया जा रहा है, लेकिन बैठक के समय को देखते हुए मंत्रिपरिषद में व्यापक फेरबदल की अटकलें चरम पर हैं।

- **समूह बनाकर होगी मंत्रियों के काम की कसौटी**

यह बैठक नियमित कैबिनेट बैठकों की तरह केवल फैसलों पर मुहर लगाने वाली नहीं होगी, बल्कि एक गहन मंथन सत्र के रूप में आयोजित की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, मंत्रियों को अलग-अलग समूहों में बांटा जाएगा, जहां वे शासन व्यवस्था, संवाद, सुधार और जनहित के मुद्दों पर सीधे विचार-विमर्श करेंगे।

## संक्षिप्त खबर

### दिल्ली में किशोरी से गैंगरेप के बाद हत्या, शव को कुत्तों ने नोंचा, तीन नाबालिग समेत चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के स्वरूप नगर इलाके में सामूहिक दुष्कर्म के बाद किशोरी की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन नाबलिगों समेत चार आरोपितों को पकड़ा है। पुलिस ने इनके पास से दो चाकू, वारदात के समय पहने गए कपड़े और टेंपो बरामद किया है। शुरुआत में शव की पहचान महिला के तौर पर हुई थी, लेकिन बाद में पहचान होने पर बता चला कि मृतका नाबालिग थी। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त लोकेश वरन के मुताबिक पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली। 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की जांच में घटना के आसपास एक संदिग्ध टेंपो की आवाजाही दिखाई दी। पुलिस के अनुसार, अंधेरा होने के कारण उसका नंबर स्पष्ट नहीं हो सका। फिर पुलिस ने अलग-अलग कैमरों की फुटेज जोड़ कर टेंपो के रूट का पता लगाया। 15 सितंबर की रात टेंपो खड्डा कॉलोनी में खड़ा मिला। चालक की पहचान कर पूछताछ की गई। इसके बाद पुलिस ने तीन नाबालिगों समेत चार आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस ने दावा किया एक आरोपी किशोरी का कथित प्रेमी था और उसने पहले अपने दोस्तों के साथ शराब पी और फिर सभी ने किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों को आशंका थी कि घटना के बाद किशोरी अपने साथ हुई घटना की शिकायत कर सकती थी। इसी के चलने आरोपियों ने चाकू मारकर किशोरी की हत्या कर दी। 13 सितंबर की सुबह स्वरूप नगर थाना पुलिस को कुशक रोड स्थित लाल बाउंड्री के पास जयपाल राणा के खेत के समीप खुले मैदान में क्षत-विक्षत हालत में शव मिला था। जानवरों ने शव को नोंच खाया था। इस वजह से पुलिस मृतका की पहचान नहीं कर पाई थी। क्राइम और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच कर जरूरी साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बाद में मृतका की पहचान महिला के तौर पर की गई। लेकिन फिर शव की पहचान होने के बाद पता चला मृतका किशोरी थी।

### पंजाब में रवनीट बिट्टू के काफिले पर हमला, बीजेपी नेता ने किया तीन लोगों को पकड़ने का दावा, जांच की मांग की



**पठानकोट।** पंजाब में बीजेपी की नशा मुक्त रैली में हिस्सा लेने जा रहे रवनीत बिट्टू ने सरकार पर आरोप लगाए हैं। भारतीय जनता पार्टी नेता रवनीत सिंह बिट्टू ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि जब वह पार्टी की 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा' की शुरुआत में शामिल होने के लिए पठानकोट जा रहे थे, तो उनके काफिले पर हमला किया गया। बिट्टू ने आरोप लगाया कि उनकी सुरक्षा टीम ने तीन लोगों को पकड़ा है। रवनीत बिट्टू ने आगे आरोप लगाया कि स्थानीय विधायक शेरी ने उन्हें यात्रा में शामिल होने से रोकने के लिए इन लोगों को भेजा था। बिट्टू ने कहा कि ऐसी घटनाएं लोकतंत्र और राजनीतिक नेताओं की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। रवनीट बिट्टू ने यह भी कहा कि अगर उन्हें कुछ होता हैतो पंजाब के मुख्यमंत्री और पंजाब डीजीपी उनकी सुरक्षा के लिए जिम्मेदार होंगे। बिट्टू ने पंजाब सरकार से घटना की तुरंत जांच करने और हर राजनीतिक कार्यकर्ता और नेता की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

### निठारी कांडः सुरेंद्र कोली ने की आत्महत्या, हरिद्वार में लगाई फांसी



**नई दिल्ली।** नोएडा के बहुचर्चित निठारी कांड में मुख्य आरोपी रहे सुरेंद्र कोली की हरिद्वार में मौत हो गई है. बताया जा रहा है कि हरिद्वार के भूपतवाला इलाके में एक मंदिर के सामने चाय के खोखे पर उसका शव फंदे से लटका मिला. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है. बताया जा रहा है कि सुरेंद्र कोली पिछले कुछ महीनों से हरिद्वार में रह रहा था. वह मूल रूप से उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के भिकियासैंण क्षेत्र का रहने वाला था. पुलिस फिलहाल मौत के कारणों की जांच कर रही है. हरिद्वार पुलिस के अनुसार, शहर कोतवाली की सप्त ऋषि पुलिस चौकी को सूचना मिली थी कि सप्त सरोवर रोड स्थित एक चाय की दुकान में एक व्यक्ति मृत अवस्था में मिला है. पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो मृतक की पहचान सुरेंद्र कोली निवासी ग्राम मंगरुखाल, भिकियासैंण, अल्मोड़ा के रूप में हुई. बताया जा रहा है कि सुरेंद्र कोली पिछले कुछ समय से हरिद्वार में रह रहा था और चाय का खोखा किराये पर लेकर कारोबार कर रहा था. शुरुआती जांच में पुलिस को दुकान से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. पुलिस का कहना है कि मौत के कारणों की पुष्टि जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी. शहर कोतवाल कुंदन सिंह राणा ने बताया कि मृतक की पहचान सुरेंद्र कोली के रूप में हुई है, जो निठारी मामले में आरोपी रहा था. पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटानी शुरू कर दी है. मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है. सुरेंद्र कोली का नाम नोएडा के बहुचर्चित निठारी कांड में सामने आया था. दरअसल, दिसंबर 2006 में नोएडा के निठारी इलाके में एक मकान के पीछे नाले से बच्चों के कंकाल और अवशेष मिला था. कोली उस मकान में घरेलू सहायक के तौर पर काम करता था. मकान मालिक मोनिंदर सिंह पंढेर भी मामले में आरोपी रहे थे. कोली को अलग-अलग मामलों में दोषी ठहराया गया था और उसे मौत की सजा भी सुनाई गई थी. हालांकि बाद में कई मामलों में उसे राहत मिल थी. अक्टूबर 2023 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निठारी हत्याकांड से जुड़े एक मामले में सुरेंद्र कोली की दोषसिद्धि और मौत की सजा को रद्द करते हुए उसे बरी कर दिया था. कोर्ट ने अभियोजन के सबूतों और कथित बरामदगी को लेकर गंभीर सवाल उठाए थे. इसके बाद नवंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने निठारी कांड से जुड़े आखिरी लंबित मामले में भी कोली की दोषसिद्धि को रद्द कर दिया. कोर्ट ने उसकी क्यूरेटिव पिटीशन मंजूर करते हुए कहा कि वह किसी दूसरे मामले में वांछित नहीं है तो उसे तत्काल रिहा किया जाए. इससे उसके खिलाफ निठारी कांड से जुड़े सभी आपराधिक मामले बंद हो गए थे।

### छत्तीसगढ़ः कोरबा में तालाब में डूबने से 3 बच्चियों की मौत, घंटों की मशक्कत के बाद निकाले गए शव

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा के पाली थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। अलगू तालाब में तीन मासूम बच्चियों की डूबने से मौत हो गई। तीनों बच्चियां अलगू तालाब में नहाने गई थी उसी दौरान डूबने से उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गाँव में मातम पसरा है। हादसे में मृतक बच्चियों की पहचान 7 साल की इंदु अगरिया, 8 साल की राखी और 8 साल की साधना के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक तीनों लड़िकयां एक ही बस्ती की रहने वाली थीं और आपस में सहेलियां थी। मामले के बारे में पता चला कि गुरुवार को तीनों स्कूल नहीं गई थीं और घर पर ही थीं। दोपहर के समय तीनों नहाने के लिए गांव के अलगू तालाब में चली गईं। उस दौरान तालाब में कोई भी मौजूद नहीं था। जब काफी देर तक तीनों बच्चियां घर वापस नहीं लौटीं तो परिजनों को चिंता हुई। परिवार वाले गांव वालों के साथ उन्हें खोजते हुए तालाब की ओर पहुंचे। तालाब के किनारे तीनों बच्चियों के कपड़े और चप्पल पड़े मिले। इसी दौरान एक ग्रामीण की नजर तालाब के पानी में तैर रहे शव पर पड़ी, जिसकी पहचान इंदु अगरिया के रूप में हुई। इसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठी हो गई और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलने पर पाली थाना प्रभारी मनोज कौशिक पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। और ग्रामीणों की मदद से अन्य दो बच्चियों की तलाश शुरू की गई। कई घंटों तक कड़ी मशक्कत के बाद राखी और साधना का शव भी बरामद किया गया। एक साथ तीनों बच्चियों के मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।

# 8 बांग्लादेशी नागरिकों समेत 9 को एनआईए ने दिलवाई उम्रकैद

## महिलाओं को नौकरी का झांसा देकर करवाते थे गंदा काम

**हैदराबाद।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी कि एनआईए को 7 साल पुराने मानव तस्करी के एक मामले में बड़ी सफलता मिली है। हैदराबाद की विशेष एनआईए अदालत ने मानव तस्करी गिरोह से जुड़े 9 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इनमें 8 बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं। अदालत ने फैसला सुनाया। अदालत ने सभी दोषियों पर कुल 1.37 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं भरने पर दोषियों को 3 महीने और जेल में रहना होगा। यह मामला साल 2019 का है। जांच में सामने आया कि एक मानव तस्करी नेटवर्क बांग्लादेशी महिलाओं को अच्छी नौकरी और ज्यादा तनख्वाह का लालच देकर भारत लाता था। भारत लाने के बाद इन महिलाओं को जबरन देह व्यापार में धकेल दिया जाता था। मामले की शुरुआत सितंबर 2019 में हुई, जब तेलंगाना पुलिस ने हैदराबाद के पहाड़ी शरीफ थाने में केस दर्ज किया। पुलिस ने एक ऑपरेशन के दौरान जलपल्ली गांव में चल रहे एक वेश्यालय से 3 बांग्लादेशी महिलाओं को बचाया। इसके अलावा हैदराबाद के बालापुर स्थित महिमूद कॉलोनी में एक घर से एक और महिला को सुरक्षित बाहर निकाला गया। तेलंगाना पुलिस की कार्रवाई के बाद एनआईए ने 12 अक्टूबर 2019 को मामले की जांच अपने हाथ में ली। एजेंसी ने केस को दोबारा दर्ज करते हुए इसे आरसी-03/2019/एनआईए/एचडी नंबर दिया। जांच के दौरान ठक्अ को आरोपियों के मानव तस्करी नेटवर्क से जुड़े होने के सबूत मिले। इसके बाद एजेंसी ने 17 अक्टूबर 2020 को आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। ठक्अ की जांच के दौरान आरोपियों को 2019 और 2020 में पश्चिम बंगाल और तेलंगाना समेत अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया गया। इस मामले में कुल 9 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाया गया। इनमें शामिल हैंः रुहुल अमीन धाली, मोहम्मद यूसुफ खान उर्फ मोहम्मद इमरान, बिथी बेगम उर्फ खादिजा शेख, इमामुल गाजी उर्फ मोहम्मद राणा हुसैन, मोहम्मद अल मामून, सोजिब शेख, सुरेश कुमार दास उर्फ सागर, मोहम्मद अब्दुल्ला मुंशी उर्फ अब्दुल सरकार, मोहम्मद अयूब शेख, इन सभी पर भारतीय दंड संहिता, विदेशी अधिनियम 1946 और अनैतिक देह व्यापार (रोकथाम) अधिनियम 1956 की अलग-अलग धाराओं के तहत मुकदमा चलाया गया।




**महिलाओं को बनाया जाता था निशाना**

एनआईए की जांच के मुताबिक, गिरोह का तरीका महिलाओं को नौकरी और बेहतर कमाई का भरोसा देकर भारत लाना था। इसके बाद उन्हें उनकी इच्छा के खिलाफ देह व्यापार में धकेल दिया जाता था। सितंबर 2019 में हुई कार्रवाई के दौरान 4 महिलाओं का बचाया जाना इसी नेटवर्क की जांच का अहम हिस्सा बना। बाद में एनआईए ने पूरे नेटवर्क की जांच की और आरोपियों की भूमिका सामने आने के बाद उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। बता दें कि एक अन्य खबर में हाल ही में जहांगीरपुरी में दिल्ली पुलिस ने 4 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया था।

# अमेरिका जाएंगे ईरान के राष्ट्रपति और विदेश मंत्री



**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच साल 2026 की शुरुआत से ही लगातार तनाव जारी है। दोनों देशों के बीच हुई भीषण जंग के बाद कुछ समय के लिए सीजफायर की घोषणा की गई लेकिन इसके कुछ समय बाद ही सीजफायर टूट गया। इसके बाद से ही दोनों देश एक दूसरे के ठिकानों पर रुक-रुककर हमले कर रहे हैं जिससे पूरे मिडिल ईस्ट में बड़ी जंग का खतरा मंडरा रहा है। इस बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। जंग के माहौल के बीच ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान और विदेश मंत्री अब्बास अरागची अमेरिका जाने वाले हैं। आइए जानते हैं क्या है उनकी इस यात्रा का मकसद। दरअसल, अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में अगले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया जाना निर्धारित किया गया है। ऐसे में जानकारी सामने आई है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान और विदेश मंत्री अब्बास अरागची समेत कई उच्च अधिकारियों को यूएनजीए की बैठक में शामिल होने के लिए वीजा दे दिया है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि ईरान के मुख्य डेलिगेशन और अन्य जरूरी कर्मचारियों को वीजा देने की मंजूरी दे दी गई है। एपी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के अधिकारियों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर जानकारी दी है कि ईरान के जिस डेलिगेशन को वीजा जारी करने की मंजूरी दी गई है, उसमें ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान और विदेश मंत्री अब्बास अरागची का नाम भी शामिल है। इसका मतलह है कि दोनों नेताओं का अमेरिका दौरा कंफर्म माना जा रहा है। आपको बता दें कि ये अपडेट ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिकी संसद ने हाल ही में रूस और ईरान पर प्रतिबंध लगाने वाले एक बड़े बिल को पास कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी इस बिल पर जल्द ही साइन करने की योजना बना रहे हैं। जानकारी के अनुसार, इस बिल से डोनाल्ड ट्रंप को ये ताकत मिल जाएगी कि वे रूस और ईरान से तेल-गैस आदि खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगा सकते हैं।

# अमेरिका में सिख ड्राइवर पर चाकू से 17 बार हमला

## ट्रंप प्रशासन की 'मिस्टर सिंह' वाली पोस्ट पर मचा बवाल



**वाशिंगटन।** अमेरिका में सिख ट्रक ड्राइवर पर जानलेवा हमले का खौफनाक मामला सामने आया है। वायोमिंग राज्य के एक रेस्ट एरिया में एक शख्स ने वाशरूम तक उनका पीछा किया और चाकू से कई वार कर दिया। इस हमले में ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया और फिलहाल अस्पताल में भर्ती है। अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित पीड़ित ने केवल अपने उपनाम सिंह से पहचान उजागर करने की गुजारिश की है। अमेरिकी समाचार एजेंसी एनपीआर के अनुसार, उन्होंने कहा कि वह इस हिंसा से बेहद डरे हुए हैं और समझ नहीं पा रहे हैं कि उन्हें क्यों निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि ऐसा क्यों हुआ। मुझे नहीं पता कि उन्होंने मुझ पर हमला क्यों किया। सिंह ने बताया कि वहां मौजूद एक हिस्पैनिक परिवार ने उनकी मदद की और उनकी जान बचाई। उन्होंने कहा कि उन्होंने मुझे दूसरी जिंदगी दी है। गंभीर रूप से घायल सिंह को देखकर यह परिवार तुरंत मदद के लिए दौड़ा। उन्होंने सिंह के घावों को संभाला और आपातकालीन चिकित्सा सहायता के पहुंचने तक उनकी देखभाल की। सिंह ने कहा कि उनके इस त्वरित कदम के कारण ही उनके बचने की उम्मीद जगी। बुधवार रात तक, सिंह अस्पताल में भर्ती थे और छाती, पसलियों की चोटों के साथ-साथ शरीर पर लगे कई घावों से उबर रहे थे। अधिकारियों ने इस चाकूबाजी के मामले में 45 वर्षीय एंड्रयू क्रिस ब्जडक को गिरफ्तार किया है। चार्जिंग दस्तावेजों के अनुसार, ब्जडक पर फर्स्ट-डिग्री मर्डर के प्रयास का आरोप लगाया गया है। हालांकि, दस्तावेजों में हमले के पीछे के मकसद का कोई जिक्र नहीं है। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब कुछ ही दिन पहले अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी के एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर भारी विवाद हुआ था, जिसे बाद में डिलीट कर दिया गया। इस पोस्ट में एक भारतीय ट्रक ड्राइवर का कार्टून दिखाया गया था और सिंह उपनाम का इस्तेमाल किया गया था। पोस्ट का कैप्शन था कि हमारी सड़कों से हट जाओ। आपको गाड़ी चलानी नहीं आती मिस्टर सिंह। इसके बाद दक्षिण एशियाई समुदाय ने इसे नस्लभेदी करार दिया था। भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि वह इस क्रूरता से भयभीत हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने लिखा कि वायोमिंग रेस्ट स्टॉप पर एक सिख ट्रक ड्राइवर को 17 बार चाकू मारे जाने की क्रूर घटना से मैं स्तब्ध हूं। यह सिख और दक्षिण एशियाई अमेरिकियों को निशाना बनाकर की जा रही नफरत के बीच हुआ है, जहां हाल ही में ट्रंप के होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने भी एक नस्लवादी पोस्ट किया था। उन्होंने नफरत फैलाने वालों को रोकने और दोषियों को जवाबदेह ठहराने की मांग की। कैलिफोर्निया के प्रतिनिधि माइक थॉम्पसन ने भी इस घटना की निंदा की। उन्होंने एक्स पर कहा, ?यह भयानक है। इस घटना की गहन जांच होनी चाहिए और जिम्मेदार व्यक्ति को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। इस मुश्किल समय में मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं सिंह और उनके परिवार के साथ हैं।

### पेपर लीक रोकने के क्या इंतजाम हुए, सुप्रीम कोर्ट जांचेगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि जरूरत पड़ने पर नीट परीक्षा सिस्टम की जांच के लिए जज नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनडीए) के ऑफिस का दौरा करेंगे। वे देखेंगे कि परीक्षा को सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से कराने के इंतजाम वास्तव में काम कर रहे हैं या नहीं। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अलोक अराधे की बेंच यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट, एफएआईएमए और अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। इसमें एनटीए को भंग करने और पेपर लीक रोकने के लिए मजबूत निगरानी सिस्टम की मांग की गई है। इससे पहले सरकार ने 19 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि नीट परीक्षा सिस्टम फूलप्रूफ है। इसमें सेंध लगाना मुश्किल है। सुधारों की जानकारी दें- कोर्ट ने एनटीए को अपने सुधारों और अब तक हुई प्रगति का ब्योरा वेबसाइट पर डालने का निर्देश दिया है। इससे परीक्षा व्यवस्था में हो रहे बदलावों की जानकारी सार्वजनिक होगी। स्थायी कर्मचारी रखे जाएं- एनटीए के लिए पर्याप्त स्थायी कर्मचारी और विशेषज्ञ स्टाफ रखने की जरूरत पर चर्चा हुई। कोर्ट ने बेहतर मैनपावर, प्रशिक्षण, इंफ्रास्ट्रक्चर और संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल की जरूरत बताई। एनटीए को मजबूत कानूनी आधार देने के लिए वैधानिक व्यवस्था पर भी विचार किया गया।

## अमेरिका सऊदी अरब को सबसे खतरनाक लड़ाकू विमान बेचेगा



**नई दिल्ली।** अमेरिका ने सऊदी अरब को ऐसा हथियार बेचने की मंजूरी दे दी जिससे पूरे मिडिल ईस्ट का समीकरण बदल सकता है। अमेरिकी विदेश विभाग ने सऊदी अरब को 48 एफ-35 लड़ाकू विमान और इससे संबंधित उपकरणों को बेचने की मंजूरी दे दी है। सऊदी को इस विमान की खरीद से बड़ी ताकत हासिल हो सकती है। आपको बता दें कि एफ-35 लड़ाकू विमान 5वीं पीढ़ी का आधुनिक स्टील्थ फाइटर जेट है। इस विमान को दुनिया के सबसे खतरनाक फाइटर जेट में गिना जाता है। वर्तमान में पूरे मिडिल ईस्ट में इजरायल के पास ही एफ-35 विमान मौजूद है। ऐसे में अमेरिका और सऊदी के बीच इस डील से इजरायल की टेंशन बढ़ सकती है। अमेरिकी विदेश विभाग ने जानकारी दी है कि सऊदी को अरब को 48 एफ-35 फाइटर जेट और इससे जुड़े इक्विपमेंट बेचने की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी दी गई है। इस डील की अनुमानित लागत 24.3 अरब अमेरिकी डॉलर बताई गई है। इस प्रस्तावित बिक्री में टेकऑफ और लैंडिंग क्षमता वाले 48 एफ-35 विमान और 49 प्रैट एंड व्हिटनी एफ135-पीडब्लू-100 इंजन शामिल है। डील के पैकेज में सिक्योर कम्युनिकेशन, प्रेसिजन नैविगेशन और क्रिप्टोग्राफिक इक्विप्मेंट, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर डेटाबेस सपोर्ट, विमान और गोला-बारूद सपोर्ट इक्विप्मेंट, स्पेयर पार्ट्स, ट्रेनिंग इक्विप्मेंट, सिमुलेटर, सॉफ्टवेयर, तकनीकी दस्तावेज और लॉजिस्टिक्स सपोर्ट जैसी अन्य चीजों को भी शामिल किया गया है।

# महाराष्ट्र में सूखे का एलान करें: शरद पवार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से सूखे की घोषणा करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि जिन तहसीलों में हालात बेहद खराब हैं, वहां सूखा घोषित किया जाए। फसल खराब होने से परेशान किसानों को कम से कम 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की आर्थिक मदद दी जाए। शरद पवार ने बुधवार को मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में राज्य में कम बारिश का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के 36 में से 31 जिलों में पर्याप्त बारिश नहीं हुई है। कम बारिश से खड़ी फसलें बर्बाद हो गई हैं। इनमें सोयाबीन, कपास और दालों की फसल शामिल है। बुवाई का क्षेत्र भी काफी घट गया है। इसके साथ ही पीने के पानी और चारे की भी भारी कमी हो गई है। उन्होंने मांग की कि सरकारी औपचारिकताओं का इंतजार किए बिना सूखा घोषित किया जाए। प्रभावित



इलाकों में तुरंत राहत पहुंचाई जाए। पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री ने किसानों को 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर देने की मांग की। उन्होंने खेत मजदूर परिवारों को भी 25 हजार रुपये प्रति परिवार विशेष मदद देने की मांग की। उन्होंने तुरंत कर्ज माफी योजना लागू करने की मांग की। साथ ही किसानों को नया फसल कर्ज उपलब्ध कराने को कहा। पवार ने नियमित रूप से कर्ज चुकाने वाले किसानों के लिए प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की भी मांग की। उन्होंने इसे 50 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये करने को कहा।

# जजों के खिलाफ गुमनाम शिकायत भेजने पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

## पूछा- इसके पीछे कौन है? सीबीआई जांच का देंगे आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जजों, एमिकस क्यूरी (अदालत के सलाहकार) और वकीलों के खिलाफ मिली बड़ी संख्या में गुमनाम शिकायतों को गंभीरता से लिया है। यह घटनाक्रम तब हुआ जब सुप्रीम कोर्ट ने कई रियलटर्स और बिल्डर्स के खिलाफ सख्ती दिखाई, इन बिल्डर्स पर सबवेंशन स्कीम का गलत इस्तेमाल करने, घर खरीदारों को धोखा देने, प्रोजेक्ट्स में देरी करने और निवेश किया गया पैसा वापस करने से इनकार करने के आरोप थे। चीफ जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी.मोहना की बेंच ने कहा कि हम इन शिकायतों की सीबीआई जांच के आदेश देंगे ताकि पता चल सके कि इनके पीछे कौन है। यह बात तब कही गई जब एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने उन बिल्डर्स की जांच पर सीबीआई की स्टेटस रिपोर्ट सौंपी, जिन्होंने बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से सबवेंशन स्कीम का गलत इस्तेमाल किया था। इसके कारण घर खरीदारों को दशकों तक इंतजार करने के बाद भी अपने सपनों का घर मिलने की कोई उम्मीद नहीं बची, फिर भी उन्हें



ईएमआई भरनी पड़ रही थी। सीजेआई सूर्यकांत ने पूछा कि इन मामलों में बिल्डरों की तरफ से कौन वकील पेश हो रहे हैं? आप लोगों (बिल्डरों) ने हमें गुमनाम शिकायतें भेजनी शुरू कर दी हैं? आप लोग नहीं जानते कि हम कितने अड़ियल किस्म के लोग हैं। भाटी की ओर मुड़ते हुए सीजेआई ने अगली सुनवाई की तारीख पर कहा कि हम आपको शिकायतों का एक और सेट देंगे। आप उनकी जांच करें और पता लगाएं कि इन्हें लिखने के लिए कौन लोग जिम्मेदार हैं। हमारा मानना है कि इनमें से ज्यादातर बिल्डर होंगे और जाहिर है, कुछ वकील भी होंगे जिन्होंने उन्हें गलत सलाह दी होगी। बेंच ने कहा कि हम उन्हें पकड़ लेंगे। क्या आपको लगता है कि हम इससे डर जाएंगे? हम सीबीआई को एफआईआर दर्ज करने और उनकी जांच करने का निर्देश देंगे। हम इसे तार्किक नतीजे तक पहुंचाएंगे। पिछले साल अप्रैल में, सुप्रीम कोर्ट ने बिल्डरों और बैंकों द्वारा सबवेंशन एग्रीमेंट के गलत इस्तेमाल की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। पिछली सुनवाई में, भाटी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि सीबीआई ने 50 एफआईआर दर्ज की हैं और उनमें से 18 की जांच पूरी कर ली है, साथ ही सक्षम अदालतों में 17 चार्जशीट और एक क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की है। उन्होंने कहा कि कई बैंक अधिकारी बिल्डरों के साथ मिलीभगत में पाए गए और चार्जशीट में आरोपियों के तौर पर उनके नाम शामिल किए गए, और एजेंसी ने उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधान लागू किए हैं। सीबीआई ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक से बैंक अधिकारियों पर मुकदमा चलाने की मंजूरी मांगी है।

# एशियन गेम्स : भारतीय टीम ने जापान को 8 विकेट से रौंदा, सेमीफाइनल में बांग्लादेश से होगा मुकाबला




**निशिन/एजेंसी।**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शुक्रवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जापान को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारतीय टीम ने उम्मीद के मुताबिक जापान पर एकतरफा जीत हासिल की। कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। टीम के गेंदबाजों ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के फैसले को सही साबित किया और जापान को 19.5 ओवर में मात्र 57 रन पर समेट दिया। जापान की तरफ से सलामी बल्लेबाजों हारुना इवासाकी और अयाका काटो स्टेफॉर्ड को छोड×कर कोई भी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के सामने खड़ी नहीं हो सकी। इवासाकी ने 22 गेंदों पर 10 और अयाका ने 47 गेंदों पर 25 रन बनाए। इन दोनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज दो अंकों में प्रवेश नहीं कर सकीं।

भारत की तरफ से श्री चरणी ने एक बार फिर बेहतरीन गेंदबाजी की और 4 ओवर में मात्र 10 रन देकर 4 विकेट हासिल किया। शेफाली वर्मा ने 2 विकेट लिए। श्रेयांका पाटिल और दीप्ति शर्मा को 1-1 विकेट मिला।

58 रन का स्कोर भारतीय टीम ने मात्र 5 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 59 रन बनाकर हासिल कर लिया। ओपनर शेफाली वर्मा मात्र 15 गेंदों पर 2 छक्के और 6 चौकों की मदद से 40 रन बनाकर रहीं। उनके साथ ऋचा घोष 6 गेंदों पर 12 रन बनाकर नाबाद रहीं। जी कामालिनी शून्य और भारती फूलमाली 6 रन बनाकर आउट हुईं।

भारत ने 5 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 59 रन बनाकर मैच 8 विकेट से जीता।

इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने एशियन गेम्स 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल में 20 सितंबर को भारत का मुकाबला बांग्लादेश को होगा। बांग्लादेश ने चीन के खिलाफ बारिश की वजह से मैच रद्द होने और आईसीसी में चीन से बेहतर रैंक होने के आधार पर सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

भारत और बांग्लादेश की टीम हाल ही में एशिया कप 2026 के सेमीफाइनल में दुबई में आमने-सामने थीं। भारतीय टीम ने बांग्लादेश को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी और फाइनल में श्रीलंका को हराकर खिताब जीता था।

# जब शिखर है तो चिंता किस बात की

## रोहित शर्मा ने शिखर धवन को बताया अपना जिगरी दोस्त




**मुंबई/एजेंसी।**

इंडियन क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व ओपनिंग पार्टनर शिखर धवन की जोड़ी ने क्रिकेट के मैदान पर कई यादगार पारियां खेली हैं। अब रोहित शर्मा ने शिखर धवन के साथ अपने इसी खास रिश्ते को याद किया। उन्होंने बताया कि धवन के साथ उनकी दोस्ती बाकी साथियों से थोड़ी अलग रही है, क्योंकि दोनों ने बहुत कम उम्र में साथ खेलना शुरू कर दिया था। दरअसल, शिखर धवन, रोहित शर्मा के शो फैमिली फुल हाउस विद रोहित शर्मा में स्पेशल गेस्ट बनकर पहुंचे। इस दौरान रोहित ने अपने पुराने दोस्त का स्वागत करते हुए उनके साथ बिताए क्रिकेट के दिनों को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत में ही रोहित ने मजाकिया अंदाज में कहा कि आज वह कुछ ज्यादा ही तरोताजा महसूस कर रहे हैं, क्योंकि उनका जिगरी दोस्त आने वाला है। रोहित ने हंसते हुए कहा, मैं भी बहुत फ्रेश लग रहा हूं, क्योंकि मेरा जिगरी दोस्त आ रहा है, भाई। इसके बाद उन्होंने दर्शकों से दोस्ती के मतलब को लेकर बात की और अपने अंदाज में बताया कि उनके लिए सच्चा दोस्त कैसा होता है।

रोहित ने कहा, दोस्त ऐसा होना चाहिए, जो रेस्तरां में बिल देने का समय आते ही अचानक जरूरी फोन आने की बात कहकर वहां से निकल जाए। आजकल दोस्त एक-दूसरे को मीम और रील भेजकर जुड़े रहते हैं, लेकिन मेरा एक ऐसा दोस्त आने वाला है, जिसके साथ मैंने इससे कहीं ज्यादा चीजें साझा की हैं। रोहित ने कहा, उसके साथ मैंने ड्रेसिंग रूम साझा किया है, जीत साझा की है, हार साझा की है, दबाव साझा किया है और ओपनिंग भी साझा की है।

इसके बाद रोहित ने बताया कि शिखर धवन के साथ उनका रिश्ता बाकी साथियों से अलग क्यों रहा। उन्होंने कहा, सबके साथ दोस्ती होती है, फ्रेंडशिप सब कुछ होती है, लेकिन जो आ रहा है ना, उसके साथ मेरी थोड़ी अलग बॉन्डिग रही है। क्योंकि हमने बहुत छोटी उम्र में एक साथ खेलना शुरू किया था, कॉम्पिटिटिव लेवल पर।

उन्होंने आगे कहा, हमारी जो पार्टनरशिप रही है, वह बिल्कुल तनावमुक्त रही है। मैं हमेशा यही सोचता था कि जब उसके साथ खेलूंगा, तो मेरा दबाव पूरा निकल जाएगा, क्योंकि वह दबाव लेता था और मेरे ऊपर आने नहीं देता था। इसीलिए मैं हमेशा सोचता हूं, जब शिखर है तो चिंता किस बात की।

## एशियन गेम्स : क्विमसी ने टेकबॉल के सेमीफाइनल में जगह बनाई, पदक से एक जीत दूर

**नागोया/एजेंसी।**

पहली बार खेल रही भारतीय क्विमसी जोआकिम डिसूजा ने टेकबॉल विमेंस सिंगल्स इवेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नागोया सिटी हिगाशी स्पोर्ट्स सेंटर में ग्रुप ए में कंबोडिया की कोएम्यान डीवाई पर 2-0 से जीत हासिल की। क्विमसी ने अपने ग्रुप ए के पहले मैच में जापान की युइना सकामोटो को 10-11, 12-11, 13-11 से हराकर 12-7 कोएम्यान पर 12-9 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ, क्विमसी ने विमेंस सिंगल्स इवेंट के सेमीफाइनल के लिए सीधे क्वालीफाई कर लिया है, जो उनके एशियन गेम्स डेब्यू में एक बड़ी कामयाबी है। अब उनका मुकाबला सेमीफाइनल में इंडोनेशिया की इमा सुमाया से होगा, जहां जीत से उनका पदक पक्का हो जाएगा।

क्विमसी ने मोहम्मद अनस इमरान बेग के साथ मिक्स्ड डबल्स इवेंट में अपने ग्रुप ए के पहले मैच में फिलीपींस की जोआना अबुलेंसिया और प्रिंस अगस्टिन की जोड़ी को हराया।

इसके बाद, भारतीय जोड़ी अपने दूसरे ग्रुप गेम में कंबोडिया की बुन थूनविरेक और योर्न सोफोर्नराक्समी की जोड़ी के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद उनका मैच थाई जोड़ी डेजारोन फाकपोंग और वोंगखामचन सुफावादी से होगा और फिर उनका ग्रुप स्टेज कुवैत के अलेब्राहीन सलमान और अलफैलाकॉ हेसा के खिलाफ मैच के साथ खत्म होगा।

इसके पहले, डेक्लान मार्शल गोंसाल्वेस और मोहम्मद अनस इमरान बेग की भारतीय पुरुष डबल्स जोड़ी गुरुवार को कॉन्टिनेंटल गेम्स में एक्शन में आने वाले देश के पहले एथलीट बन गए।



# सोने और चांदी में लौटी तेजी, दाम करीब 0.70 प्रतिशत तक बढ़े




**मुंबई/एजेंसी।**

सोने और चांदी में शुक्रवार को तेजी देखी गई और शुरुआती कारोबार में दोनों कीमती धातुओं का दाम करीब आधा प्रतिशत तक बढ़ गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का 5 अक्टूबर, 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 1,52,981 रुपए प्रति 10 ग्राम के मुकाबले 1,52,250 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला।

सुबह 10:30 बजे यह 217 रुपए या 0.14 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,53,198 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। अब तक के कारोबार में सोने ने 1,52,171 रुपए प्रति 10 ग्राम का न्यूनतम स्तर और 1,53,495 रुपए प्रति 10 ग्राम का उच्चतम स्तर छुआ है। यह दिखाता है कि सोने में रुझान तेजी का बना हुआ है।

सोने के साथ चांदी में भी तेजी देखने को मिली है। चांदी का 5 दिसंबर, 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 2,38,205 रुपए प्रति किलो के मुकाबले 2,38,478 रुपए प्रति किलो पर खुला। फिलहाल यह 1,557 रुपए या 0.65 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,39,762 रुपए प्रति किलो पर था। अब तक के कारोबार में चांदी ने 2,38,478 रुपए प्रति किलो का न्यूनतम स्तर और 2,39,954 रुपए प्रति किलो का उच्चतम स्तर छुआ है।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। कॉमेक्स पर सोना 0.16 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,406 डॉलर प्रति औंस और चांदी 1.02 प्रतिशत की मजबूती के साथ 66 डॉलर प्रति औंस पर थी। मार्केट एक्सपर्ट ने कहा कि फेड की ओर से 25 आधार अंक की ब्याज दर बढ़ोतरी उम्मीद के मुताबिक थी, जबकि डॉलर की मजबूती और इक्विटी मार्केट में हालिया गिरावट का असर बुलियन पर पड़ रहा है। आगे चलकर, फेड के फैसले पर अमेरिकी बाजार की प्रतिक्रिया और बॉन्ड की बढ़ी हुई कीमतें सोने के लिए अहम कारक बनी रहेंगी। भारतीय बाजार में सोने की रेंज 1,49,000 रुपए से 1,53,500 रुपए प्रति 10 ग्राम के बीच रह सकती है।

# पासपोर्ट पर नया नियम लागू : 15 साल से कम उम्र के बच्चों का पासपोर्ट अब 5 साल तक रहेगा वैध

**नई दिल्ली/एजेंसी**

15 साल से कम उम्र के बच्चों को जारी होने वाले साधारण भारतीय पासपोर्ट अब पांच साल या बच्चे के 18 साल का होने तक, जो भी पहले हो, तक वैध रहेंगे। विदेश मंत्रालय द्वारा अधिसूचित नए नियमों के तहत यह बदलाव किया गया है।

पासपोर्ट (संशोधन) नियम, 2026, गुरुवार को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया गया है, जो पासपोर्ट नियम, 1980 में संशोधित करता है।

संशोधित नियम 12(1ए) के तहत, 15 साल से कम उम्र के बच्चे को जारी किया गया 36 पन्नों वाला साधारण पासपोर्ट जारी होने की तारीख से पांच साल की अवधि तक, या बच्चे के 18 साल की उम्र पूरी होने तक, जो भी पहले हो, वैध रहेगा।

15 सितंबर की अधिसूचना में पासपोर्ट आवेदन शुल्क से संबंधित नियम 8 में भी संशोधन किया गया है, जिसमें कहा गया है कि आवेदन की प्रत्येक श्रेणी के लिए देय शुल्क नियमों की अनुसूची ढ्ढ्ढ में निर्दिष्ट के अनुसार होगा।

संशोधित नियम आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से लागू हो गए हैं। विदेश मंत्रालय ने 1 जुलाई से पासपोर्ट से जुड़ी सेवाओं के शुल्क में बढ़ोतरी की थी। बढ़ा हुआ शुल्क नए पासपोर्ट आवेदन, नवीनीकरण, तत्काल सेवाओं,




खोए या क्षतिग्रस्त पासपोर्ट के बदले नए पासपोर्ट, पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट (पीसीसी) और अन्य पासपोर्ट से जुड़ी सेवाओं पर लागू है। आठ साल से कम उम्र के बच्चों और 60 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए नए पासपोर्ट आवेदन पर 10 प्रतिशत की छूट जारी रहेगी। हालांकि, यह छूट पासपोर्ट के पुनः जारी आवेदनों पर लागू नहीं होगी।

वयस्कों के मामले में, 36 पन्नों वाले नए पासपोर्ट या नवीनीकरण के लिए सामान्य आवेदन पर शुल्क मौजूदा 1,500 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये कर दिया गया है। 60 पन्नों वाले पासपोर्ट (वयस्क, सामान्य) के लिए शुल्क 2,000 रुपये से बढ़ाकर 3,500 रुपये कर दिया गया है। तत्काल योजना के तहत 36 पन्नों वाले वयस्क पासपोर्ट के लिए शुल्क 3,500 रुपये से बढ़ाकर 5,000 रुपये कर दिया गया है, जबकि इस श्रेणी में 60 पन्नों वाले पासपोर्ट के लिए शुल्क 4,000 रुपये से बढ×कर 6,000 रुपये हो गया है।

तत्काल श्रेणी में 60 पन्नों वाले वयस्क पासपोर्ट के रिप्लेसमेंट के लिए शुल्क 5,500 रुपये से बढ़ाकर 8,500 रुपये कर दिया गया है। 18 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए भी पासपोर्ट सेवाएं महंगी हो गई हैं। नाबालिगों के लिए 36 पन्नों वाले नए या पुनः जारी (सामान्य) पासपोर्ट के मामले में, शुल्क 1,000 रुपये से बढ़ाकर 1,750 रुपये कर दिया। तत्काल श्रेणी में नाबालिगों के लिए 36 पन्नों वाले नए या पुनः जारी पासपोर्ट के मामले में, शुल्क 3,000 रुपये से 4,250 रुपये किया गया।

# आईफोन 18 प्रो सीरीज : एप्पल स्टोर्स के बाहर लंबी कतारें, ग्राहक बोले- पहले दिन फोन लेने का अलग ही क्रेज

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

एप्पल के नए आईफोन 18 प्रो सीरीज की बिक्री शुक्रवार सुबह 8 बजे से भारत में शुरू हो रही है। भारत में इसके बेस मॉडल की कीमत 1,64,900 रुपए से शुरू है। दिल्ली में एप्पल के आईफोन 18 प्रो और आईफोन 18 प्रो मैक्स की पहली सेल को लेकर पहले ही साकेत के सेलेक्ट सिटीवॉक मॉल में एप्पल स्टोर के बाहर ग्राहकों की लंबी कतारें देखी गईं। लोग सुबह-सुबह ही फोन खरीदने के लिए पहुंच गए।

एक ग्राहक ने आईएएनएस से कहा, मैं 15 से 20 दिनों से इंतजार कर रहा हूं। पहले दिन खरीदने का उत्साह ही कुछ अलग होता है।

दिल्ली में ही एक और ग्राहक ने बताया, मुझे 5 से 7 फोन खरीदने



हैं। मैं यहां अपना प्री-ऑर्डर किया हुआ आईफोन 18 प्रो मैक्स खरीदने आया हूं।

वहीं, कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में भी आईफोन के नए मॉडल को लेकर जबरदस्त क्रेज दिखा। यहां फीनिक्स मॉल ऑफ एशिया स्थित एप्पल स्टोर के बाहर सुबह 8 बजे बिक्री शुरू होने से पहले ही ग्राहक कतार में खड़े नजर आए।

एक ग्राहक ने कहा, हम सुबह 6 बजे जल्द ही आ गए थे और आईफोन 18 प्रो मैक्स के लिए काफी उत्साहित हैं। हम लाइन में सबसे पहले हैं और बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

एक अन्य ग्राहक ने बताया, मैंने पहले ही ऑनलाइन बुक कर लिया है। हमारा स्लॉट सुबह 9 बजे का है और हमने दो फोन बुक किए हैं।

दिल्ली से लेकर बेंगलुरु तक एप्पल के नए फोन को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। कई लोगों ने पहले से ही ऑनलाइन प्री-बुकिंग करा रखी है और अब वे अपना फोन लेने के लिए स्टोर के बाहर इंतजार कर रहे हैं। शुक्रवार सुबह 8 बजे से देशभर के एप्पल स्टोर्स पर आईफोन 18 प्रो और आईफोन 18 प्रो मैक्स की बिक्री आधिकारिक तौर पर शुरू हो जाएगी।

## वैश्विक स्तर पर मजबूत संकेतों से भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में खुला, रियल्टी और डिफेंस में खरीदारी

**मुंबई/एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत शुक्रवार को तेजी के साथ हुई। इस दौरान सेंसेक्स 260.65 अंक या 0.35 प्रतिशत की तेजी के साथ 74,575.24 और निफ्टी 64.10 अंक या 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,334.70 पर था। शुरुआती कारोबार में बाजार की खरीदारी को सहारा डिफेंस और रियल्टी शेयरों से मिल रहा था। सूचकांकों में निफ्टी इंडिया डिफेंस और निफ्टी रियल्टी टॉप गेनर्स थे। इसके अलावा निफ्टी मेटल, निफ्टी फार्मा, निफ्टी हेल्थकेयर, निफ्टी एनर्जी, निफ्टी इन्फ्रा, निफ्टी ऑटो और निफ्टी प्राइवेट बैंक भी हरे निशान में थे। केवल निफ्टी आईटी ही लाल निशान में कारोबार कर रहा था। लार्जकैप के साथ-साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी मजबूती के साथ कारोबार हो रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 342 अंक या 0.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ 61,775 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 172 अंक या 0.88 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,708 पर था। सेंसेक्स पैक में इटरनल, इंडिगो, एलएंडटी, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, बीईएल, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी, टाइटन और बजाज फिनसर्व गेनर्स थे। टीसीएस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टाटा स्टील, इन्फोसिस,एचयूएल, ट्रेंट, एनटीपीसी, आईटीसी और कोटक महिंद्रा बैंक लूजर्स थे। एक्सपर्ट्स ने कहा कि भारतीय प्राइमरी मार्केट में चल रही तेजी ने अब सेकेंडरी मार्केट के निवेशकों के लिए भी मौके बना दिए हैं।

# कृति खरबंदा ने पूरे किए बॉलीवुड में 10 साल

## राज़ रीबूट से शुरू हुआ था हिंदी सिनेमा का सफर



मुंबई/एजेंसी

दस साल पहले कृति खरबंदा ने राज़ रीबूट के साथ हिंदी सिनेमा में कदम रखा था। इस फिल्म से शुरू हुआ उनका सफर पिछले एक दशक में अलग-अलग फिल्मों, किरदारों और जॉनर से होकर गुजरा है। हिंदी फिल्म डेब्यू के 10 साल पूरे होने के मौके पर कृति का अब तक का सफर एक ऐसी अभिनेत्री की कहानी है, जिसने समय के साथ अलग-अलग तरह के किरदारों और कहानियों को अपनाया और अपने काम के नए पहलुओं को सामने रखा।

राज़ रीबूट के बाद कृति ने शादी में ज़रूर आना, वीरे दी वेडिंग, हाउसफुल 4, पागलपंती और तैश जैसी फिल्मों में काम किया। इन फिल्मों के जरिए उन्होंने रोमांस, कॉमेडी, ड्रामा और थ्रिलर जैसे अलग-अलग जॉनर में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। कभी वह रोमांटिक कहानी का हिस्सा बनीं, तो कभी बड़े स्टारकास्ट वाली कॉमेडी फिल्मों में नजर आईं। वहीं, तैश जैसी फिल्म ने उन्हें एक अलग तरह की कहानी का हिस्सा बनने का मौका दिया। उनके करियर में हर फिल्म एक अलग अनुभव लेकर आई और उनके काम में नए रंग जोड़ती गई।

कृति के पिछले 10 सालों की एक खास बात यह रही है कि उन्होंने खुद को किसी एक तरह के किरदार या फिल्म तक सीमित नहीं रखा। कमर्शियल एंटरटेनर्स से लेकर गंभीर और भावनात्मक कहानियों तक, उन्होंने अलग-अलग तरह के प्रोजेक्ट्स में काम किया। इन फिल्मों के जरिए उन्हें अलग-अलग कलाकारों और फिल्ममेकर्स के साथ काम करने का मौका भी मिला, जिससे उनके अभिनय के सफर में लगातार नए अनुभव जुड़ते गए।

बदलते समय के साथ कृति ने ओटीटी की दुनिया में भी कदम रखा। राणा नायडू 2 के साथ उन्होंने एक लोकप्रिय स्ट्रीमिंग फ्रेंचाइज़ी का हिस्सा बनकर अपने करियर में एक नया अध्याय जोड़ा। थिएटर में फिल्मों के बाद ओटीटी पर काम करने का अनुभव उनके लिए एक अलग माध्यम में खुद को एक्सप्लोर करने का मौका लेकर आया।

राज़ रीबूट के 10 साल बाद कृति खरबंदा का सफर सिर्फ एक फिल्म से दूसरी फिल्म तक पहुंचने की कहानी नहीं है, बल्कि अलग-अलग किरदारों और अनुभवों के साथ आगे बढ़ने की कहानी भी है। सुपरनैचुरल थ्रिलर से शुरुआत करने वाली कृति ने इन वर्षों में रोमांस, कॉमेडी, ड्रामा और अब ओटीटी तक का सफर तय किया है। राज़ रीबूट उनके हिंदी फिल्म करियर की शुरुआत का अहम पड़ाव बना हुआ है और एक दशक बाद उनका सफर लगातार नए किरदारों और नई कहानियों की ओर बढ़ रहा है।

# धुरंधर के बाद सारा अर्जुन के हाथ लगी नई फिल्म

## ओटीटी अभिनेता अंबरीश वर्मा संग बनेगी जोड़ी

मुंबई/एजेंसी।

रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर से सारा अर्जुन ने रातों-रात सफलता का स्वाद चखा है। उनकी लोकप्रियता में इस कदर बढ़ोतरी हुई है कि फैंस उनकी अगली परियोजना पर गहराई से नजरें गड़ाए बैठे हैं। ताजा अपडेट है कि सारा को कथित तौर पर उनकी अगली फिल्म मिल चुकी है, जिसका निर्देशन टाइगर 3 वाले मनीष शर्मा करेंगे। यह भी बताया जा रहा है कि अभिनेत्री ने अपनी मौजूदा टैलेंट एजेंसी से अलग होकर वाईआरएफ टैलेंट को जॉइन किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सारा का वाईआरएफ टैलेंट में शामिल होना ऐसे समय में हुआ है, जब वह निर्देशक मनीष की अगली फिल्म में अभिनेता अंबरीश वर्मा के साथ नजर आएंगी। याशराजा फिल्म्सा की टैलेंट मैनेजमेंट शाखा, वाईआरएफ टैलेंट पहले ही शरवरी, अहान पांडे और अनीत पड्डा जैसे नए सितारों को मैनेज कर रही है। अब इसका हिस्सा सारा भी होंगी।

अंबरीश की बात करें, तो उन्हें अमेजन प्राइम वीडियो की सीरीज सपने वर्सेस एवरीवन से लोकप्रियता मिल चुकी है।

अगर यह रिपोर्ट सच साबित हुई, तो पहली बार सारा और अंबरीश की जोड़ी पर्दे पर देखने को मिलेगी। दोनों ही कलाकार बिल्कुल अलग-अलग परियोजनाओं में काम कर चुके हैं।

फिलहाल, आदित्य धर द्वारा निर्देशित फिल्म धुरंधर में सारा ने यालीना जमाली का किरदार निभाकर दर्शकों को खूब प्रभावित किया है। रणवीर से उम्र में 20 साल छोटी होने के बावजूद दोनों की जोड़ी लोगों को पसंद आई।

सारा तमिल और मलयालम सिनेमा का हिस्सा भी रही हैं।



# राइज एंड फॉल सीजन 2 की स्ट्रीमिंग तारीख आई, 4 प्रतियोगियों पर लगी मुहर, 26 सितंबर से शुरू होगा शो

मुंबई/एजेंसी

अमेजन प्राइम वीडियो का चर्चित वास्तविकता आधारित कार्यक्रम 'राइज एंड फॉल' दूसरे सीजन के साथ वापसी करने जा रहा है। पहले सीजन की मेजबानी अशनीर ग्रोवर ने की थी, जबकि दूसरे सीजन में पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग मेजबान की भूमिका निभाते नजर आएंगे। 42 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में कुल 15 प्रतियोगी हिस्सा लेंगे, जिनमें से चार नामों की आधिकारिक पुष्टि हो चुकी है।

बनिजय एशिया के निर्माण में तैयार किए जा रहे इस कार्यक्रम का प्रीमियर 26 सितंबर 2026 से होगा। कार्यक्रम के नए एपिसोड प्रतिदिन प्रसारित किए जाएंगे। दर्शक इसे प्राइम वीडियो और एमएक्स प्लेयर के एंड्रॉयड अनुप्रयोग पर निशुल्क देख सकेंगे।

दूसरे सीजन में शामिल होने वाले जिन चार प्रतियोगियों के नाम सामने आए हैं, उनमें स्वरा भास्कर, प्रियंका चाहर चौधरी, शहजाद पूनावाला और करण पटेल शामिल हैं। हालांकि, बाकी 11 प्रतियोगियों के नामों की घोषणा अभी नहीं की गई है।




'राइज एंड फॉल' मूल रूप से ब्रिटेन के स्टूडियो लैम्बर्ट द्वारा तैयार किया गया प्रारूप है। कार्यक्रम की अवधारणा 'सबसे मजबूत का अस्तित्व' और सामाजिक पदानुक्रम पर आधारित है। इसमें 15 प्रतियोगियों को एक विशाल टावर में रखा जाता है, जहां उन्हें दो बिल्कुल अलग वर्गों में बांटा जाता है। कार्यक्रम की कहानी मुख्य रूप से अमीर और गरीब तथा शक्तिशाली और शक्तिहीन वर्गों के बीच होने वाले संघर्ष पर केंद्रित रहती है। प्रतियोगियों को अलग-अलग परिस्थितियों और चुनौतियों का सामना करते हुए अपनी स्थिति मजबूत करने और प्रतियोगिता में आगे बढ़ने के लिए रणनीति बनानी होती है।

कार्यक्रम के पहले सीजन का खिताब अभिनेता अर्जुन बिजलानी ने अपने नाम किया था। अब दूसरे सीजन में वीरेंद्र सहवाग की मेजबानी और 15 प्रतियोगियों के बीच होने वाला मुकाबला दर्शकों के लिए खास आकर्षण रहने की उम्मीद है। कार्यक्रम का प्रसारण 26 सितंबर से शुरू होगा।

# 'हनुमान अंश' ने पार किया 300 करोड़ का आंकड़ा

## 'मिर्जापुरः द मूवी' 200 करोड़ के करीब, 'हैवान' की रफ्तार बेहद धीमी

मुंबई/एजेंसी




विशाल चतुर्वेदी की फिल्म 'हनुमान अंश' बॉक्स ऑफिस पर लगातार मजबूत प्रदर्शन कर रही है। कारोबारी दिनों में भी फिल्म को दर्शकों का अच्छा समर्थन मिल रहा है। फिल्म ने आखिरकार दुनिया भर में 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। वहीं, अली फजल की 'मिर्जापुरः द मूवी' 200 करोड़ रुपये के घरेलू नेट कारोबार के करीब पहुंच गई है, जबकि अक्षय कुमार और सैफ अली खान की 'हैवान' की कमाई बेहद धीमी पड़ गई है।

सैकनिल्क के अनुसार, 'हनुमान अंश' ने रिलीज के 41वें दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 6 करोड़ रुपये की कमाई की। इससे एक दिन पहले यानी 40वें दिन फिल्म ने 8.25 करोड़ रुपये कमाए थे। इसके साथ ही फिल्म का घरेलू शुद्ध कारोबार बढ×कर 237.13 करोड़ रुपये हो गया है।

विदेशी बाजार में भी फिल्म का प्रदर्शन जारी है। 41वें दिन 'हनुमान अंश' ने विदेशों में 1.75 करोड़ रुपये कमाए। इसके साथ ही फिल्म की कुल विदेशी कमाई 20.25 करोड़ रुपये हो गई है। घरेलू और विदेशी कारोबार मिलाकर फिल्म का वैश्विक कुल संग्रह 300.25 करोड़ रुपये पहुंच गया है।

कुछ दिन पहले तक 'हनुमान अंश' और 'मिर्जापुरः द मूवी' के बीच बॉक्स ऑफिस पर कड़ी टक्कर देखने को मिल रही थी। हालांकि, अब अली फजल की फिल्म पीछे चल रही है। 'मिर्जापुरः द मूवी' ने रिलीज के 13वें दिन 3.75 करोड़ रुपये कमाए। इसके साथ फिल्म का घरेलू शुद्ध कारोबार 199.45 करोड़ रुपये हो गया है।

वैश्विक स्तर पर 'मिर्जापुरः द मूवी' अब तक 286.64 करोड़ रुपये का कारोबार कर चुकी है। फिल्म के घरेलू कारोबार के 200 करोड़ रुपये के आंकड़े तक पहुंचने पर अब सबकी नजरें टिकी हैं। दूसरी ओर, अक्षय कुमार और सैफ अली खान की फिल्म 'हैवान' बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष करती नजर आ रही है। फिल्म ने रिलीज के छठे दिन महज 55 लाख रुपये कमाए। इसके साथ ही इसका कुल कारोबार 9.30 करोड़ रुपये हो गया है।

बॉक्स ऑफिस के इन आंकड़ों के मुताबिक, 'हनुमान अंश' जहां लगातार मजबूत पकड़ बनाए हुए है, वहीं 'मिर्जापुरः द मूवी' 200 करोड़ रुपये के घरेलू आंकड़े के करीब पहुंच गई है। इसके मुकाबले 'हैवान' की कमाई फिलहाल काफी धीमी बनी हुई है।

# लव रंजन की फिल्म पहला प्यार दूसरी बार का ऐलान, दांव पर लगे 6 नए चेहरे

मुंबई/एजेंसी

प्यार का पंचनामा और सोनू के टीटू की स्वीटी जैसी फिल्में देने के बाद, निर्देशन लव रंजन एक नई रोम-कॉम लेकर आ रहे हैं, जिसका आधिकारिक ऐलान हो गया है। फिल्म का नाम पहला प्यार दूसरी बार रखा गया है, जो दोस्ती और कॉमेडी पर आधारित होगी। इसके जरिए निर्देशक ने एक साथ 6 नए चेहरों को बॉलीवुड में उतारा है। फिल्म का पहला लुक पोस्टर भी सोशल मीडिया पर जारी हो गया है, जिससे लोग काफी उत्साहित हैं।

लव फिल्म्स ने इंस्टाग्राम पर पहला प्यार दूसरी बार का आधिकारिक पोस्टर जारी किया है। इसके जरिए अलीशा चोपड़ा, स्पर्श वालिया, साक्षी वैद्य, कुणाल वैद्य, सरगुन कौर लूथरा और तुषार छिब्बर अपना डेब्यू करने जा रहे हैं।

कैप्शन में लिखा गया है, पुराने क्रश, पापी दोस्त और पहला प्यार। लाल झंडे ही लाल झंडे। पोस्टर में सभी 6 कलाकारों को मस्ती भरे पोज के साथ दर्शाया गया है, जो फिल्म में दोस्ती, प्यार और रोमांच देने का वादा करते हैं। निर्माताओं ने फिल्म के ऐलान के साथ इसकी रिलीज तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। पहला प्यार दूसरी बार दशहरा के ठीक 2 दिन बाद, यानी 23 अक्टूबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। दर्शकों को एक नई यंग स्टारकास्ट वाली फ्रेंडशिप-कॉमेडी देखने का मौका मिलेगा।

फिल्म का निर्देशन अनुज सैनी ने किया है, जो खुद इस परियोजना के जरिए डेब्यू कर रहे हैं। वहीं, लव और अंकुर गर्ग मिलकर इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं।

# पुरोहित जी के कटला अग्निकांड पर सियासी दौरे तेज, गहलोत ने मुआवजे की मांग उठाई

## मदन राठौड़-पटेल ने सहायता का दिलाया भरोसा

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के बड़ी चौपड़ स्थित पुरोहित जी के कटला में हुए भीषण अग्निकांड के बाद शुक्रवार को घटनास्थल पर राजनीतिक नेताओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रभावित व्यापारियों से मुलाकात कर नुकसान का जायजा लिया, वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने भी मौके पर पहुंचकर दुकानदारों की समस्याएं सुनीं। आग में 20 से अधिक दुकानों के प्रभावित होने की रिपोर्ट सामने आई है।





### ● गहलोत बोले—पीड़ितों को तत्काल मुआवजा मिले

अशोक गहलोत ने व्यापारियों से मुलाकात के बाद कहा कि हादसे से प्रभावित व्यापारी बेहद परेशान हैं। उनके अनुसार व्यापारियों की शिकायत है कि राज्य सरकार की ओर से अब तक कोई प्रतिनिधि उनसे मिलने नहीं पहुंचा। गहलोत ने सरकार से प्रभावित व्यापारियों से मुलाकात कर अविलंब उचित मुआवजा देने की मांग की।

### ● राठौड़-पटेल ने कहा—सरकार हरसंभव सहायता करेगी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और व्यापारियों से आग की घटना तथा नुकसान की जानकारी ली।
राठौड़ ने कहा कि आग की घटना दुखद है और सरकार नुकसान को लेकर गंभीर है। उन्होंने आग लगने के कारणों की जांच कराने तथा क्षतिग्रस्त दुकानों से जुड़े मामलों की भी जांच की बात कही। साथ ही बाजार की समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की बात कही।
जोगाराम पटेल ने प्रभावित व्यापारियों को नियमानुसार राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहायता दिलाने का भरोसा दिया। उन्होंने आग जैसी घटनाओं पर राजनीति के बजाय सुझाव देने की बात कही।

### ● अब नजर मुआवजे और जांच पर

अग्निकांड के बाद दोनों पक्षों की ओर से प्रभावित व्यापारियों से मुलाकात और सहायता को लेकर बयान सामने आए हैं। ऐसे में अब व्यापारियों की नजर सरकारी सहायता, मुआवजे और आग के कारणों की जांच पर है।

## संक्षिप्त समाचार

### घड़साना में सिंचाई पानी को लेकर किसानों का महापड़ाव जारी, बड़े आंदोलन की चेतावनी



**चमकता राजस्थान/श्रीगंगानगर( संजय बिश्नोई)घड़साना।** सिंचाई पानी की मांग को लेकर घड़साना क्षेत्र में खेत बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले किसानों का महापड़ाव लगातार 10वें दिन भी जारी है। किसानों ने आंदोलन को लेकर बड़ा फैसला लेते हुए मांगें पूरी नहीं होने तक महापड़ाव जारी रखने का ऐलान किया है।
किसानों ने घोषणा की है कि 22 सितंबर से अनूपगढ़ शाखा क्षेत्र की मंडियां अनिश्चितकालीन बंद रखी जाएंगी। वहीं सरकार और प्रशासन की ओर से मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने की स्थिति में 24 सितंबर को चक्का जाम करने की चेतावनी दी गई है।
किसानों की नजर अब 21 सितंबर को हनुमानगढ़ में चीफ इंजीनियर के साथ होने वाली रेगुलेशन समीक्षा बैठक पर टिकी हुई है। बताया जा रहा है कि सोमवार को होने वाली समीक्षा बैठक के बाद सिंचाई पानी का नया रेगुलेशन जारी किया जाएगा। किसानों की प्रमुख मांग है कि अनूपगढ़ शाखा के लिए छह माह का सिंचाई पानी रिजर्व रखा जाए। इसके साथ ही किसान अनूपगढ़ शाखा को चार में से दो समूहों में चलाने की मांग कर रहे हैं, ताकि क्षेत्र के किसानों को पर्याप्त सिंचाई पानी मिल सके। किसानों का आरोप है कि आज प्रशासन की ओर से वार्ता के लिए कोई न्योता नहीं आया। किसानों ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए नाराजगी जताई और प्रशासन को चेतावनी दी कि आंदोलन को हल्के में न लिया जाए। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। अब 21 सितंबर की रेगुलेशन समीक्षा बैठक और उसके बाद जारी होने वाले नए रेगुलेशन पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

### बिजली कटौती के बीच ग्रामीणों की अनूठी पहल, विद्यालय को भेंट किया 20 किलोवाट का जनरेटर



**चमकता राजस्थान/रायसिंहनगर (संजय बिश्नोई)।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत 22 पीटीडी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बिजली आपूर्ति बाधित होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए ग्रामीणों ने सराहनीय पहल की है। ग्रामीणों ने विद्यालय को 20 किलोवाट क्षमता का जनरेटर भेंट किया। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय में बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में पंखे, प्रकाश सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं प्रभावित होती हैं, जिसका सीधा असर विद्यार्थियों की शिक्षण व्यवस्था पर पड़ता है। इसी समस्या को देखते हुए ग्रामीणों ने सामूहिक सहयोग से विद्यालय को जनरेटर उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया। विद्यालय में जनरेटर भेंट किए जाने पर प्रधानाचार्य श्रीमती शारदा देवी, उप प्रधानाध्यापक नरेश साईं सहित समस्त विद्यालय स्टाफ ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिवार ने कहा कि ग्रामीणों की यह पहल विद्यार्थियों के हित में महत्वपूर्ण साबित होगी और बिजली आपूर्ति बाधित होने के बावजूद शिक्षण कार्य सुचारु रूप से जारी रखने में मदद मिलेगी। प्रधानाचार्य श्रीमती शारदा देवी ने बताया कि विद्यालय को 20 किलोवाट का जनरेटर मिलना विद्यार्थियों और विद्यालय परिवार के लिए बड़ी सुविधा है। बिजली कटौती के दौरान भी कक्षाओं में आवश्यक विद्युत व्यवस्था बनाए रखी जा सकेगी। उन्होंने इस सहयोग के लिए ग्रामीणों का आभार जताया। उप प्रधानाध्यापक नरेश साईं ने बताया कि शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ग्रामीणों की ओर से किया गया यह सहयोग अनुकरणीय है। जनरेटर उपलब्ध होने से बिजली आपूर्ति बाधित होने पर भी विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय गांव के बच्चों के भविष्य निर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र है। विद्यार्थियों की पढ़ाई में किसी तरह की बाधा न आए, इसी उद्देश्य से ग्रामीणों ने विद्यालय को जनरेटर भेंट करने का निर्णय लिया। ग्रामीणों ने भविष्य में भी विद्यालय की आवश्यकताओं में सहयोग का भरोसा दिलाया।

## ''आशीर्वाद का दीया' मोदी के राष्ट्रसेवा के संकल्प के प्रति सम्मान का प्रतीक: चंद्रकांता हरितवाल

चमकता राजस्थान

**दौसा।(दीपकशर्मा बामनवास)** भाजपा नगर अध्यक्ष चंद्रकांता हरितवाल एवं भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने गुप्तेश्वर महादेव मंदिर दौसा पर दीप जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।भारतीय जनता पार्टी की ओर से देशभर में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया गया।इसके तहत दौसा शहर में गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर राष्ट्रसेवा की मंगलकामना की।



कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष चंद्रकांता हरितवाल ने कहा कि''आशीर्वाद का दीया''केवल दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रसेवा के संकल्प के प्रति सम्मान और शुभकामना का प्रतीक है। यह दीप देश के विकास और जनकल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों के प्रति जनभागीदारी का संदेश भी देता है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले वर्षों में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के व्यापक वर्गों तक सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि जन-धन योजना के माध्यम से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला।साथ ही उज्ज्वला योजना के जरिए करोड़ों परिवारों को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने की दिशा में काम हुआ।इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को आवास उपलब्ध कराने,आयुष्मान भारत के जरिए स्वास्थ्य सुरक्षा का दायरा बढ़ाने, डिजिटल इंडिया और यूपीआई के माध्यम से डिजिटल लेन-देन को विस्तार देने और मेक इन इंडिया के जरिए देश में विनिर्माण को बढ़ावा देने जैसी पहलों का उल्लेख किया गया।
जिला मीडिया प्रभारी प्रेम हरितवाल ने बताया इस अवसर पर सरोज मीणा, लक्ष्मी दीक्षित, कलावती गुप्ता, शशि जैमिनी, रुचि महावर,ममता सैनी,मंजू साहू,मंजूलता जाटव, पुष्पा गुप्ता सहित अनेक भाजपा पदअधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## 1 से 7 अक्टूबर तक होगा समाज कल्याण सप्ताह का आयोजन

चमकता राजस्थान

**बालोतरा।** जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 1 से 7 अक्टूबर 2026 तक समाज कल्याण सप्ताह मनाया जाएगा। सप्ताह की शुरुआत 1 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस से होगी। इस दौरान समाज के विभिन्न वर्गों के कल्याण और जागरूकता को लेकर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी घेवरचंद प्रजापत ने बताया कि पहले दिन पेंशन समाज भवन में सुबह 11 बजे वृद्धजनों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई जाएंगी। दूसरे दिन अनुसूचित जाति कल्याण दिवस के तहत गांधी उद्यान में गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण, सर्वधर्म प्रार्थना, भजन एवं स्वच्छता अभियान होगा।
3 अक्टूबर को अपराधी सुधार दिवस के तहत बंदियों की समस्याओं एवं परिवीक्षा अधिनियम से जुड़े विषयों पर विचार-गोष्ठी होगी। सप्ताह के दौरान छात्रावासों व विद्यालयों में बाल दिवस भी मनाया जाएगा। महिला कल्याण दिवस पर आंगनबाड़ी एवं महिला केंद्रों में महिलाओं की समस्याओं पर चर्चा तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ को लेकर जागरूकता कार्यक्रम होंगे।
जनचेतना दिवस पर प्रभात फेरियों और जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए नशामुक्ति व संस्कारमयी शिक्षा का संदेश दिया जाएगा। अंतिम दिन विशेष योग्यजन कल्याण दिवस एवं समापन समारोह होगा। सवेरा संस्था द्वारा दिव्यांगजनों के अधिकारों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा तथा दोपहर 2 बजे समापन समारोह होगा।

## 15 साल से फरार 15 हजार के इनामी डकैत को साइबर सेल ने चूरू से दबोचा

**● हरियाणा, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में काटी फरारी, छह माह पहले परिवार सहित रतनगढ़ में बसकर चला रहा था कार बाजार**

**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा, 18 सितम्बर।** दौसा साइबर सेल ने वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे 15 दिवसीय अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए डकैती के मामले में करीब 15 वर्ष से फरार चल रहे 15 हजार के इनामी अभियुक्त नरेन्द्र सिंह उर्फ संदीप उर्फ गुड्डू को चूरू जिले के रतनगढ़ से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के खिलाफ राजस्थान के अलावा हरियाणा और महाराष्ट्र सहित कई स्थानों पर गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज बताए गए हैं।
यह कार्रवाई महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज राहुल प्रकाश आईपीएस एवं जिला पुलिस अधीक्षक दौसा पीयूष दीक्षित आईपीएस के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकरलाल आरपीएस तथा बांदीकुई वृताधिकारी लक्ष्मीकांत शर्मा आरपीएस के सुपरविजन में साइबर सेल प्रभारी प्रेमनारायण शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने की।

## असंगठित श्रमिकों के लिए मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के आवेदन शुरू

**● 41 से 45 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिक कर सकेंगे पंजीकरण, 60 वर्ष की उम्र पूरी होने पर मिलेगी 3 हजार रुपए मासिक पेंशन**

**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। योजना के तहत पात्र श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर प्रतिमाह 3 हजार रुपए की पेंशन प्रदान की जाएगी। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के सहायक निदेशक महेंद्र कुमार तिवाड़ी ने बताया कि राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुसार शुरू की गई इस योजना में असंगठित क्षेत्र के 41 से 45 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिक पात्र होंगे। योजना में शामिल होने वाले श्रमिकों को प्रतिमाह 100 रुपए की राशि ऑटो डेबिट के माध्यम से जमा करवानी होगी। निर्धारित आयु पूरी होने के बाद पात्र लाभार्थियों को 3 हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन दी जाएगी। यह पेंशन मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन के अतिरिक्त होगी।

### ● ऑनलाइन होगा पंजीकरण

योजना में पंजीकरण के लिए लाभार्थी मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए जन आधार कार्ड, ई-श्रम कार्ड (UAN) नंबर, बैंक बचत खाते की पासबुक अथवा कैंसिल चेक तथा नॉमिनी के रूप में पति या पत्नी का आधार कार्ड सहित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

## प्राकृतिक खेती व डेयरी फार्मिंग मास्टर ट्रेनर त्रिदिवसीय कार्यक्रम का आगाज, देश का पहला 'गोकुल ग्राम' बनेगा किसानों के लिए फैसिलिटी सेंटर

### गौ महाकुंभ सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि गौ-आधारित अर्थव्यवस्था की रीढ़ : संजय शर्मा

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** प्राकृतिक खेती और डेयरी फार्मिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय 'मास्टर ट्रेनर प्रोग्राम' में विशेषज्ञों एवं किसान प्रतिनिधियों ने गौ-आधारित अर्थव्यवस्था और टिकाऊ कृषि मॉडल (संस्टेनेबल मॉडल) पर प्रमुखता से चर्चा की गई। यह तीन दिवसीय आवासीय प्रमाणित प्रशिक्षण कार्यक्रम रुद्र शिवम डेयरी अर्थात पहले गोकुल ग्राम बहराना, बीचुन जिला जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन अगरवेदा ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान सिद्धेश्वर वर्ल्ड फाउंडेशन तिरुपति के राष्ट्रीय संयोजक संजय शर्मा ने मुख्य वक्ता के रुप में संबोधित करते हुए कहा कि 'गौ महाकुंभ' केवल एक पारंपरिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था को 'काउ-बेस्ड इकॉनमी' (गौ-आधारित अर्थव्यवस्था) के रुप में सुदृढ़ करने का एक बड़ा संकल्प है।





10 हज़ार गायों के साथ ब्लॉक-स्तरीय 'गोकुल ग्राम' की योजना पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए संजय शर्मा ने बताया कि विश्व विख्यात संत ओम सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षिजी की प्रेरणा से सिद्धेश्वर सनातन संसार एवं सिद्धेश्वर वर्ल्ड फाउंडेशन द्वारा यह मिशन 10 वर्ष पूर्व प्रारंभ किया गया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर एक 'गोकुल ग्राम' स्थापित करना है, जहाँ लगभग 10 हजार गायों के संरक्षण, संवर्धन और उनसे जुड़े कुटीर उद्योगों का संचालन किया जा सके। शर्मा बोले, देश का पहला 'गोकुल ग्राम' बनेगा किसानों के लिए फैसिलिटी सेंटर तथा यही नहीं किसानों के लिए वरदान भी साबित होगा। पायलट प्रोजेक्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजक डॉ सुरेंद्र सिंह अवाना का आभार व्यक्त करते हुए संजय शर्मा ने घोषणा की कि वर्तमान प्रशिक्षण स्थल देश का पहला 'गोकुल ग्राम पायलट प्रोजेक्ट' है। यह मॉडल आसपास के पूरे ब्लॉक के किसानों के लिए एक सर्वसुविधायुक्त 'फैसिलिटी सेंटर' (सुविधा केंद्र) के रुप में कार्य करेगा, जिससे स्थानीय किसानों को प्राकृतिक खेती, जैविक खाद उत्पादन और उन्नत डेयरी प्रबंधन का प्रत्यक्ष प्रशिक्षण व लाभ मिल सकेगा। कार्यक्रम के अंत में आगामी 'गौ महाकुंभ' की रुपरेखा एवं गौ-आधारित सतत विकास मॉडलों पर भी विचार साझा किए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान, कृषि विशेषज्ञ और संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। अगरवेदा ग्लोबल के चेयरमैन डॉ. प्रदीप मिश्रा तथा वाइस चेयरमैन डॉ. सुरेंद्र अवाना के नेतृत्व में आयोजित हुए प्रशिक्षण सत्रों में देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ एवं ट्रैनर्स भाग ले रहे हैं। इनमें लखपति खेती मॉडल विशेषज्ञ कान्हा निकम, गन्ना खेती विशेषज्ञ इंजीनियर रत्न 'श शर्मा, कार्बन फार्मिंग विशेषज्ञ डॉ. विनोद चौधरी, कीट आचार्य (समग्र कीट प्रबंधन) मनवीर रेढू, एग्रो-टूरिज्म एवं ग्रामीण अनुभव विशेषज्ञ कानसिंह निर्वाण, 'जंगल मैन ऑफ इंडिया' दीपक एस. राघव सहित अन्य प्रमुख विशेषज्ञों में डॉ भीकमचंद चौहान, डॉ सुनीलदत्त खरगल एवं डॉ. भगवान सिंह सिंगोरिया ने भी अपने अपने विचार रखे।

प्रपत्र संख्या 7

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग**
**जोधपुर (राज.)**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

**नोटिस**

पत्रावली संख्या :- 80 / 2026 / पाली — दिनांक :- 28.07.2026

वास्ते :-
**पंचमुखी हनुमान मंदिर पर चस्पा हेतु,**
**खिमेल, तह. रानी, जिला पाली**

रघुराज सिंह मेड़तिया ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(1) के अंतर्गत पंचमुखी हनुमान मंदिर, खिमेल, तह. रानी, जिला पाली प्रन्यास के संबंध में जांच किये जाने के लिये निवेदन किया है।

अत एव धारा 18 की उपधारा 2 द्वारा प्रदत शक्तियों के प्रयोग में उपयुक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे, इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 (साठ) दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हों, प्रस्तुत करें। आगामी पेशी तारीख **30.09.2026** की रखी गयी है।

और यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्गत किया जायेगा तथा जांच ग्रस्त मामले में निष्कर्ष अभिलेखित किया जायेगा।

आज दिनांक **28.07.2026** को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

**सहायक आयुक्त**
**देवस्थान विभाग**
**जोधपुर**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929